दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। बुधवार 10 सितंबर-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 261 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## नेपाल में सोशल मीडिया से बैन हटा, पीएम ओली का इस्तीफा



**काठमांडू।** नेपाल में बीते दिन से हिंसा, पथराव, आगजनी और तोड़फोड़ का दौर जारी है। सोशल मीडिया बैन के खिलाफ युवाओं के प्रदर्शन ने ओली सरकार को पूरी तरह से हिला दिया। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली गृहमंत्री रमेश लेखक, कृषि मंत्री रामनाथ अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्री समेत पांच मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा है। सोमवार को हुई हिंसक प्रदर्शन में 20 लोगों की मौत और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे। मंगलवार को भी प्रदर्शन सुबह से जारी है। राजधानी काठमांडू समेत कई इलाकों में आगजनी, तोड़फोड़ और पथराव की घटनाएं सामने आ रही हैं। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के निजी आवास पर प्रदर्शनकारियों ने कब्जा कर तोड़फोड़ की और आग लगा दी। कर्फ्यू और सुरक्षा के सख्त इंतजामों के बावजूद विरोध प्रदर्शनों का दायरा बढ़ता जा रहा है और राजनीतिक संकट गहराता जा रहा है।

देश में वैकल्पिक सरकार और नए नेतृत्व की मांग उठ रही है। भारत ने अपने नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है। काठमांडू के हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया है और पूरा

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2




SESCSM LAW COLLEGE

Approved by Bar Coucil of Indi | Affiliated to Maa Shakkumbhari University

Formerly Affiliated to CSS University Meerut

Compus: Bhangela, khatauli,Meerut-Muzaffarnagar NH-58 (Delhi NCR)

GRADUATION MARKS: GENERAL 45% SC/ST 40%

9992698926, 9219603334

ADMISSION OPEN

LL.B (3 YEARS)

## सीपी राधाकृष्णन निर्वाचित हुए देश के नए उपराष्ट्रपति




**नई दिल्ली।** एनडीए के उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को भारत का नया उपराष्ट्रपति चुने गए हैं। इस चुनाव में कुल 788 लोगों को वोट देने का अधिकार था। जिनमें से 781 ने हिस्सा लिया। मतदान का प्रतिशत 98 फीसदी रहा। एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन देश के नए उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं। आज हुए मतदान में सीपी राधाकृष्णन को कुल 452 वोट मिले। वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले। राधाकृष्णन ने 152 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। उपराष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा, मैं नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन को उनके कार्यकाल
क ी

विस्तृत खबर, पृष्ठ 2

## हाउस टैक्स की लड़ाई में आई पार्षदों के चेहरे पर मुस्कान

### सीएम के सचिव से लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के आगे रखी गई है बात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** निगम पार्षदों के जज्बे को भी सलाम है। वो पहले निगम की बैठक में आने के लिये सांसद के पास गए, विधायकों के पास गए, उनसे अनुरोध किया कि आप बैठक में जरूर आए, ये निर्णायक मामला है। इसके बाद उन्होंने अपने ही अधिकारी मिनट्स बुक को लेकर धरना दिया और फिर वो लखनऊ के लिये रवाना हुए। तीन दिन लखनऊ में डेरा डाला। पार्षदों ने लखनऊ में नगर विकास मंत्री से मुलाकात की, गाजियाबाद जिले के प्रभारी मंत्री से मुलाकात की। वो मुख्यमंत्री आवास पर पहुंचे और यहां उन्हें उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री उनसे मिलेंगे, लेकिन उन्हें मुख्यमंत्री के सचिव से ही मुलाकात करनी पड़ी और यहां पार्षदों ने अपनी बात रखी। पार्षदों को आश्वासन मिला है, लेकिन वो शासन स्तर से मिले इस आश्वासन पर भी खुश हैं, उनके चेरहे पर मुस्कान है। एक सप्ताह में कार्यवाही का आश्वासन लेकर पार्षद वापस लौट आए हैं। पार्षदों ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष से भी मुलाकात की है। अब आश्वासन तो शासन से मिला है, लेकिन निगम प्रशासन कितना इसे मानेगा, ये देखने की बात है।






### बैठक का हाल बताया तो भूपेंद्र चौधरी ने फोन मिलाया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के पार्षद अपने साथ विपक्ष के एक नेता और एक पूर्व पार्षद को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिले। बताते हैं कि यहां पार्षदों ने जब अपनी बात रखी तो उन्हें कार्यकारिणी बैठक और कार्यकारिणी चुनाव का भी पूरा हाल सुनाया। एक-एक बात बताई, तब प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने मेयर सुनीता दयाल को फोन मिलाया और निर्देश दिये कि इस मेटर को साथ बैठकर सुलझाने की सलाह दी। पार्षदों की मानें तो ऐसा लग रहा था कि प्रदेश अध्यक्ष को पहले से ही इस पूरे मामले की जानकारी थी। उन्होंने पार्षदों को यह भी नसीहत दी कि तुम्हें धरना प्रदर्शन नहीं करना चाहिए था। कोई भी ऐसा काम नहीं करना है जिससे पार्टी की छवि खराब हो।

### विपक्ष वाले पार्षदों ने नहीं की होगी इसकी कल्पना

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कमल वालों के साथ कमाल तो विपक्ष वालों को भी देखना पड़ रहा है। जिस विपक्ष को कोस-कोसकर चुनाव लड़े और जीते अब उसी विपक्ष को साथ लेकर अपनी ही सरकारों के द्वार पा जा रहे हैं। बात बता रहे हैं। बसपा के टिकट पर चुनाव जीतीं शशि गौतम के पति पवन गौतम को सरकार वाले पार्षदों के साथ खड़े होकर कमी गिनाते हुए बात कहनी पड़ेगी ऐसा तो उन्होंने सोचा नहीं होगा। जाकिर सैफी पार्षद रहे हैं और लगातार सत्ताधारी दल पर हमलावर रहते हैं और कमाल ये हुआ है कि भाजपा वाले पार्षद उन्हें अपने साथ लेकर लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास पर ये बता रहे थे कि अपनी ही सरकार में निगम में ठीक काम नहीं हो रहा है। हालांकि रिकॉर्ड देखें तो पता चलता है कि भाजपा वाले इस काम को पहले से कर रहे हैं। जब अतुल गर्ग शहर विधायक थे तो वो भी समाजवादी पार्टी के पार्षद और जीडीए बोर्ड सदस्य आसिफ चौधरी को साथ लेकर तत्कालीन जीडीए वीसी कंचन वर्मा के किसी फैसले के खिलाफ इस मंत्री से उस मंत्री के घर पर जा रहे थे। भाजपा वालों ने तो जनता को भी कंफ्यूज कर दिया है और अपनी ही सरकार में अपनी ही सरकार के खिलाफ विपक्ष वालों को भी यूज कर लिया है।

## तहसील को जाम से मुक्त करने के लिए विधायक संजीव शर्मा ने बनाया वन- वे ट्रैफिक प्लान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधायक संजीव शर्मा समस्याओं के समाधान को लेकर आगे बढ़ते हैं। उनकी कार्यशैली की सबसे खास बात ये है कि वो जब समाधान के लिये चलते हैं तो जनता को साथ लेते हैं। लोगों से संवाद कायम करते हैं और फिर बैठकर एक कॉमन राय बनती है। लोग उन पर भरोसा भी करते हैं और वो आम जनता के लिये काम भी करते हैं। मंगलवार को शहर विधायक संजीव शर्मा तहसील में लगने वाले जाम से निपटने के लिये विचार मंथन हेतु पहुंचे। वो स्थानीय लोगों के बुलावे पर वहां गए थे। सबसे खास बात ये है कि यहां स्थानीय लोगों ने अपनी बात विधायक के सामने रखी और तहसील के कई अधिवक्ता भी इस मुद्दे को लेकर इस बैठक में शामिल हुए।



गौरतलब है कि तहसील क्षेत्र के आसपास के लोग अब इस बात से परेशान हैं कि लोग उनके घरों के बाहर अपना वाहन खड़ा कर जाते हैं। कई बार कहने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होता है और सबसे खास बात ये है कि तहसील के आसपास ट्रैफिक जाम की समस्या ने विकराल रूप धारण कर लिया है। इस समस्या से कैसे निपटा जाए इसे लेकर शहर विधायक संजीव शर्मा स्थानीय लोगों के साथ बैठे और यहां विचार-विमर्श किया।

शहर विधायक संजीव शर्मा ने लोगों की बात सुनने के बाद सबसे पहले पुलिस के एडीसीपी को फोन किया। मंगलवार को डीजीपी गाजियाबाद में मौजूद थे, लिहाजा अधिकारी उस बैठक में थे। इसके बाद मौके पर ही यातायात पुलिस निरीक्षक को बुलाया गया और यहां सब समस्या के समाधान के लिये बैठक में शामिल हुए। शहर विधायक संजीव शर्मा ने यहां सुझाव दिया कि अगर जाम से मुक्ति पानी है तो वन-वे करना होगा।




संजीव शर्मा ने फिलहाल यातायात पुलिस निरीक्षक को सर्वे के लिये कहा है और सर्वे के बाद अगर यहां वन-वे हुआ और लोगों को जाम से मुक्ति मिली तो ये उपलब्धि संजीव शर्मा के खाते में दर्ज होगी।

इस बैठक में स्थानीय लोगों ने ये भी सुझाव दिया कि यदि एमएमएच के सामने से वन-वे करा दिया जाए तो भी एक राहत रहेगी। अब यातायात पुलिस इसका सर्वे करेगी और फिर वन-वे पर फैसला लिया जाएगा। बताया जाता है कि इस बैठक में लोगों ने शहर विधायक को ये भी अवगत कराया कि अभी लगभग 20 दिन पहले स्थानीय निवासी को हार्ट अटैक आया था, उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर जाना था और उनके घर के सामने कोई अपनी कार खड़ी कर चला गया था। ऐसे में अपना वाहन कैसे निकाले, अस्पताल कैसे जाएं ये बड़ी समस्या रही और लोगों का यही कहना था कि घरों के आगे वाहन खड़े हो रहे हैं। तहसील के बार जाम लग रहा है। शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि यातायात पुलिस के अधिकारियों से बात हुई है। इसको लेकर वन-वे वाली युक्ति पर काम कर रहे हैं और अगर ये युक्ति उपयुक्त लगी तो जाम से मुक्ति मिल जाएगी।

### 13 सितंबर की दिशा बैठक में विधायक रखेंगे ये बात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधायक संजीव शर्मा लोगों की बात सुनते हैं, लोगों के सुझाव मांगते हैं और उन्होंने अब तहसील वाले जाम को लेकर योजना बनाई है। वो वन-वे वाली स्कीम पर काम कर रहे हैं। ट्रैफिक पुलिस को सर्वे के लिये कहा है। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में शहर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि कई बड़े शहरों में वन-वे स्कीम लागू करने के बाद ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिली है। हम लोगों को ट्रैफिक जाम से मुक्ति दिलाने के लिये इस दिशा पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 13 सितंबर को होने वाली दिशा की बैठक में वो इस मुद्दे को रखेंगे। उन्होंने कहा कि तहसील परिसर के अलावा दूधेश्वरनाथ कोरिडोर को भी वन-वे करने पर विचार किया जाएगा। इसके अलावा शहर में जो ट्रैफिक जाम के बिंदु हैं उन पर भी काम करते हुए वन-वे के जरिए इस पर काबू पाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता को ट्रैपिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिये पूरे प्रयास किये जाएंगे।

## डीजीपी राजीव कृष्ण ने गाजियाबाद में की महत्वपूर्ण बैठक

### महिला अपराध नियंत्रण व अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश के डीजीपी राजीव कृष्ण मंगलवार को गाजियाबाद के कौशांबी स्थित 41वीं वाहिनी पीएसी में पहुंचे। यहां उन्होंने गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के गजेटेड अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था, महिला अपराध, सीसीटीएनएस और ई साक्ष्य जैसे संवेदनशील मामलों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक की।



बैठक के दौरान सबसे पहले अधिकारियों ने डीजीपी का स्वागत किया और प्रमुख अधिकारियों का परिचय कराया गया। इसके बाद डीजीपी ने नए कानूनों के तहत न्यायालय और कानूनी प्रक्रिया किस तरह से संचालित हो रही है, इस पर विस्तृत जानकारी ली।

### अपराधियों पर मजबूत पैरवी का आदेश

करंट क्राइम। डीजीपी यूपी राजीव कृष्ण ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपराधियों के मामलों की अदालत में मजबूत पैरवी की जाए ताकि उन्हें कठोर से कठोर सजा मिल सके। उन्होंने जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करने और हर स्तर के अधिकारी को पूरी गंभीरता के साथ मेहनत करने का निर्देश दिया।

### कौशांबी स्थित 41 वाहिनी पीएसी में हुई बैठक

#### महिला अपराध नियंत्रण पर विशेष जोर

करंट क्राइम : डीजीपी ने महिला अपराधों को लेकर पुलिस अधिकारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पिंक बूथ की व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की और महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में पुलिस की कार्यप्रणाली का ब्यौरा लिया। डीजीपी ने स्पष्ट किया कि महिलाओं से जुड़े अपराधों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने डेढ़ महीने बाद इस पूरी दिशा निर्देश का दोबारा से आकर रिव्यू लेने का भी आदेश दिया है।




### नोएडा में किया रात्रि विश्राम

करंट क्राइम। गाजियाबाद में समीक्षा बैठक के बाद डीजीपी गौतम बुद्ध नगर (नोएडा) रवाना हुए, जहां वह रात्रि विश्राम करेंगे। वहां भी वे कानून-व्यवस्था की समीक्षा करेंगे और पुलिस अधिकारियों से चर्चा करेंगे। बुधवार को वे लखनऊ लौट जाएंगे।

### पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के आला अधिकारी रहे मौजूद

**करंट क्राइम।** इस अहम बैठक में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, एडिशनल सीपी केशव चौधरी , आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, डीसीपी सिटी धवल जायसवाल, डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेन्द्र नाथ तिवारी, एडीसीपी ट्रैफिक सचिदानन्द, एडीसीपी क्राइम पियूष, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन, एसीपी इन्दिरापुरम अभिषेक श्रीवास्वत, एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव, एसीपी ट्रैफिक सूर्यबलि मौर्य, एसीपी अजय सिंह, उपासना पांडेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान ट्रैफिक और लोकल इंटेलीजेंस के अधिकारी भी अलर्ट मोड पर रहे।

## होटल में वेश्यावृत्ति को लेकर नवयुग मार्केट में महिलाओं का हंगामा

### कौन बोला इधर महिलाएं दिखें तो चप्पल बजा दो

#### महिलाओं के हंगामे के बाद मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी जोन के कई होटलों के आसपास वेश्यावृत्ति का धंधा इन दिनों खुलकर चल रहा है। इसको लेकर मंगलवार की रात स्थानीय महिलाएं नाराज हो गई और आक्रोर्षित होकर उन्होंने होटल वाले मार्ग पर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी और महिलाएं जमा हो गई। उनका आरोप था कि यहां कुछ वेश्यावृत्ति करने वाली महिलाएं रहती हैं, जो लोगों को होटल में ले जाती हैं और उनके साथ गलत काम करवाती हैं। जिससे आसपास का माहौल खराब हो रहा है। उनके परिवार ,बच्चों और आम लोगों को निकलना भारी हो गया है। महिलाओं ने हंगामा किया, हंगामा की सूचना पर भाजपा पार्षद राजीव शर्मा और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हालांकि पुलिस के पहुंचने के बावजूद भी स्थानीय महिलाओं का हंगामा और आक्रोश कम नहीं हुआ।



### सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है वीडियो , महिलाएं इधर आए तो चप्पल बजा दो

**करंट क्राइम :** इस मामले में सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो वायरल हो रहीं हैं। जिसमें पार्षद राजीव शर्मा कह रहे हैं कि इधर कोई भी महिलाएं आए तो उसपर चप्पल बजा दो, जिसके बाद स्थानीय महिलाओं ने जमकर ताली बजाई और समर्थन किया है। बताया जा रहा है कि आसपास के लोग वेश्यावृत्ति की वजह से काफी परेशान हैं। तो वहीं स्थानीय दुकानदार भी होटल के आसपास व्यापार करने को लेकर असमर्थता जाता रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में नवयुग मार्केट, बजरिया, नया गाजियाबाद रेलवे स्टेशन सहित दर्जन ऐसे स्थान हैं, जहां इन दिनों होटल में वेश्यावृत्ति खुले तौर पर की जा रही है। विजय नगर से लेकर ट्रांस हिंडन के इंदिरापुरम, कौशांबी और वसुंधरा के भी कई होटल इसके लिए जमकर बदनाम हैं।

# सीपी राधाकृष्णन निर्वाचित हुए देश के नए उपराष्ट्रपति, सुदर्शन रेड्डी को हराया






**नई दिल्ली।** एनडीए के उम्मीदवार और महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को भारत का नया उपराष्ट्रपति चुने गए हैं। इस चुनाव में कुल 788 लोगों को वोट देने का अधिकार था। जिनमें से 781 ने हिस्सा लिया। मतदान का प्रतिशत 98 फीसदी रहा।

एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन देश के नए उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुए हैं। आज हुए मतदान में सीपी राधाकृष्णन को कुल 452 वोट मिले। वहीं विपक्षी गठबंधन इंडिया के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले। राधाकृष्णन ने 152 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। उपराष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद बी सुदर्शन रेड्डी ने कहा, मैं नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन को उनके कार्यकाल की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं देता हूं। हालांकि परिणाम मेरे पक्ष में नहीं है, फिर भी वैचारिक लड़ाई और अधिक जोश के साथ जारी रहेगी।

उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 98 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। शाम पांच बजे मतदान समाप्त होने के एक घंटे बाद छह बजे मतगणना प्रारंभ हुई। मतगणना समाप्त होने के बाद आज देर शाम नतीजे घोषित किए गए। जिसमें एनडीए उम्मीदवार को कुल 452 वोट मिले। जबकि विपक्ष के उम्मीदवार को 300 वोट मिले। उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 767 वोट डाले गए। जिनमें से 752 वैध और 15 अवैध थे। कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार के पक्ष में 315 सांसदों के मतदान का दावा किया था। वहीं बीआरएस और बीजेडी ने चुनाव में भाग नहीं लिया, जबकि राज्यसभा में बीआरएस के चार और बीजेडी के सात सांसद हैं। वहीं अकाली दल के सांसद ने बाढ़ के चलते मतदान में हिस्सा लेने से मना कर दिया था। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी और कई अन्य नेताओं ने भी मतदान किया। जेल में बंद सांसद इंजीनियर रशीद ने भी मतदान में हिस्सा लिया।

दक्षिण भारत से थे दोनों उम्मीदवार

संसद के हालिया मानसून सत्र के दौरान जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि उनका कार्यकाल दो साल बचा हुआ था। उनके इस्तीफे के कारण यह चुनाव हुआ। इस बार दोनों उम्मीदवार दक्षिण भारत से हैं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से जबकि रेड्डी तेलंगाना से हैं।

उप राष्ट्रपति पद के राजग उम्मीदवार राधाकृष्णन तमिलनाडु की एक प्रमुख ओबीसी जाति गौंडर से आते हैं और आरएसएस की पृष्ठभूमि वाले हैं। राधाकृष्णन को 2023 में झारखंड का राज्यपाल बनाया गया था और फिर जुलाई 2024 में उन्हें महाराष्ट्र स्थानांतरित कर दिया गया था। अपने पूर्ववर्ती धनखड़ के विपरीत, राधाकृष्णन ने राज्यपाल के रूप में विवादास्पद राजनीतिक मुद्दों पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी करने से काफी हद तक परहेज किया है। वह 1998 में कोयंबटूर से पहली बार लोकसभा के लिए चुने गए और 1999 में फिर से इस सीट से लोकसभा के लिए निर्विचत हुए थे।

## पीएम मोदी ने किया सबसे पहले मतदान



प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले मतदान किया। मोदी ने केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू, अर्जुन राम मेघवाल, जितेंद्र सिंह और एल. मुरुगन के साथ संसद भवन के कमरा संख्या 101, वसुधा में स्थापित मतदान केंद्र में अपना वोट डाला। शुरूआत में मतदान करने वालों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा, समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और सैयद नासिर हुसैन शामिल थे। पूर्व प्रधानमंत्री, 92 वर्षीय देवेगौड़ा व्हीलचेयर पर मतदान केंद्र पहुंचे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हाथों में हाथ डाले मतदान केंद्र तक जाते देखे गए।







# प्रधानमंत्री ने हिमाचल प्रदेश को 1500 करोड की मदद का किया ऐलान
## प्रभावितों से की मुलाकात, नितिका का खर्च उठाएगी सरकार





**शिमला। करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार दोपहर को हिमाचल प्रदेश के बाढ औ'र भूस्खलन प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वे करने के बाद आपदा प्रभावित लोगों से मुलाकात की।

प्रधानमंत्री ने प्रदेश को 1500 करोड़ रुपये की मदद का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि किसान निधि की एडवांस किस्त प्रदेश को दी जाएगी और साथ ही आपदा का पैसा भी दिया जाएगा। वहीं, आपदा में मारे गए लोगों को केंद्र की तरफ से दो दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

पीएम नरेंद्र मोदी ने पंजाब के सीमावर्ती हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के आपदा प्रभावित इलाके का हवाई दौरा किया। पीएम ने इंदौरा और नुरपूर के इलाकों में पौंग डेम से हुए नुकसान का जायजा लिया है। वहां से वे धर्मशाला पहुंचे। कांगड़ा के कुछ आपदा प्रभावित इलाकों का दौरा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गग्गल एयरपोर्ट पर 11 माह की बच्ची नीतिका और उनके परिवार से मुलाकात की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने नितिका को गोदी में उठाया और गालों को सहलाए और कुछ देर के लिए उनके साथ खेलते नजर आए।

मंडी जिले की सराज घाटी में आई आपदा में 11 माह के बेटी नितिका अनाथ हो गई थी। सैलाब में नितिका की मां, पिता और दादी बह गए थे। अब नितिका को उसकी बुआ पाल रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद बाद नितिका की बुआ किरण ने बताया कि पीएम ने उनसे कहा कि जो मदद होगी वो की जाएगी। बच्ची की लोग भी काफी मदद कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने नितिका की पढ़ाई और लिखाई का खर्च सरकार की तरफ वहन करने के निर्देश दिए।

# नेपाल में सोशल मीडिया से बैन हटा, पीएम ओली का इस्तीफा... फिर भी क्यों डटे हैं Gen-Z प्रोटेस्टर्स



**काठमांडू।** नेपाल में बीते दिन से हिंसा, पथराव, आगजनी और तोड़फोड़ का दौर जारी है। सोशल मीडिया बैन के खिलाफ युवाओं के प्रदर्शन ने ओली सरकार को पूरी तरह से हिला दिया। प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली गृहमंत्री रमेश लेखक, कृषि मंत्री रामनाथ अधिकारी, स्वास्थ्य मंत्री समेत पांच मंत्री को इस्तीफा देना पड़ा है।

सोमवार को हुई हिंसक प्रदर्शन में 20 लोगों की मौत और 100 से ज्यादा घायल हो गए थे। मंगलवार को भी प्रदर्शन सुबह से जारी है। राजधानी काठमांडू समेत कई इलाकों में आगजनी, तोड़फोड़ और पथराव की घटनाएं सामने आ रही हैं। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल के निजी आवास पर प्रदर्शनकारियों ने कब्जा कर तोड़फोड़ की और आग लगा दी। कर्फ्यू और सुरक्षा के सख्त इंतजामों के बावजूद विरोध प्रदर्शनों का दायरा बढ़ता जा रहा है और राजनीतिक संकट गहराता जा रहा है।

देश में वैकल्पिक सरकार और नए नेतृत्व की मांग उठ रही है। भारत ने अपने नागरिकों के लिए परामर्श जारी किया है। काठमांडू के हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया है और पूरा शहर छावनी में तब्दील हो गया है।

### भारत के सीमांत क्षेत्र में भी दिख रहा नेपाल के युवाओं के प्रदर्शन का असर

नेपाल में सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं और इसका असर भारत के सीमांत क्षेत्र पर भी दिख रहा है। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले से सटे नेपाल के दाचुर्ला और बैतड़ी में भी सरकार विरोधी प्रदर्शन हुए। नेपाल की स्थिति को देखते हुए पुलिस और सशस्त्र सीमा बल ने सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा और निगरानी बढ़ा दी है। काली नदी के आसपास लगातार कांबिंग अभियान चलाया जा रहा है और सीमा पार जाने वालों की गहन तलाशी ली जा रही है। पिथौरागढ़ की पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने बताया कि सीमा के सभी थाने और चौकियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। फिलहाल सीमा पर कोई असामान्य गतिविधि नहीं मिली है।

# आतिशी ने की मांग, बाढ़ पीड़ितों के हर परिवार को 18 हजार और किसानों को मिले 20 हजार मुआवजा

**नई दिल्ली।** आतिशी ने कहा कि बाढ़ के दौरान सरकार बयानबाजी करती रही, जबकि लोग मुश्किलों से जूझते रहे। उन्होंने आप सरकार के दौर को याद दिलाते हुए कहा कि तब हर आपदा में तुरंत राहत पैकेज मिलता था, लेकिन आज की सरकार जनता को बेसहारा छोड़ चुकी है।



दिल्ली में बाढ़ से प्रभावित परिवारों को अब भी राहत का इंतजार है। इसी मुद्दे पर नेता विपक्ष आतिशी ने रेखा गुप्ता सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया।

उन्होंने डिजिटल प्रेस कॉन्फ्रेंस में मांग की कि हर प्रभावित परिवार के सभी बड़े सदस्यों को 18,000 रुपये और किसानों को 20,000 रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाए। साथ ही बच्चों को नई किताबें, परिवारों को नए दस्तावेज और जरूरी सामान तुरंत उपलब्ध कराया जाए।

आतिशी ने कहा कि बाढ़ के दौरान सरकार बयानबाजी करती रही, जबकि लोग मुश्किलों से जूझते रहे। उन्होंने आप सरकार के दौर को याद दिलाते हुए कहा कि तब हर आपदा में तुरंत राहत पैकेज मिलता था, लेकिन आज की सरकार जनता को बेसहारा छोड़ चुकी है।

# मध्यप्रदेश कैबिनेट का बड़ा फैसला, नगरीय निकाय चुनाव में अध्यक्ष का प्रत्यक्ष चुनाव, 2027 से होगा लागू



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। इनमें सबसे बड़ा फैसला नगरीय निकायों की चुनाव प्रणाली से जुड़ा रहा।

अब नगर पालिका परिषद और नगर परिषदों के अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होगा। यानी आगामी आम चुनाव वर्ष 2027 से मतदाता सीधे अपने वोट से अध्यक्ष का चयन करेंगे। वर्ष 2022 तक नगर पालिका और परिषदों में अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से ही होता था, लेकिन बाद में इसे बदलकर अप्रत्यक्ष प्रणाली लागू कर दी गई थी। इसमें पार्षदों के मतों से अध्यक्ष चुना जाता था। इस व्यवस्था में राजनीतिक जोड़-तोड़ और अस्थिरता की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। जनता का सीधा जनादेश ही लोकतंत्र की असली ताकत है। नगर पालिका और नगर परिषद अध्यक्षों को बार-बार अविश्वास प्रस्तावों से बचाने के लिए उनके प्रत्यक्ष चुनाव की व्यवस्था लागू करने का कैबिनेट ने निर्णय लिया है। इसी दृष्टि से नगर पालिका (संशोधन) अध्यादेश, 2025 को मंजूरी दी गई है।

### कब से लागू होगी नई व्यवस्था

अध्यक्ष के प्रत्यक्ष चुनाव की यह नई व्यवस्था वर्ष 2027 के नगरीय निकाय चुनाव से लागू होगी। तब जनता अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए सीधे अध्यक्ष का चुनाव करेगी। सरकार का कहना है कि इस बदलाव से पारदर्शिता बढ़ेगी और अविश्वास प्रस्तावों के कारण बार-बार पैदा होने वाली अस्थिरता समाप्त होगी।

### स्क्रैप नीति में विशेष छूट

कैबिनेट बैठक में वाहनों से प्रदूषण घटाने को लेकर भी अहम निर्णय लिया गया। बीएस-1 और बीएस-2 गाड़ियों को स्क्रैप करने के लिए अधिक प्रोत्साहन देने की व्यवस्था की गई है। अब अधिकृत स्क्रैपिंग संस्था को इंडस्ट्री की तरह ही सुविधाएं मिलेंगी। जो वाहन मालिक अपनी पुरानी गाड़ी स्क्रैप करेंगे, उन्हें नई गाड़ी खरीदते समय मोटर रियायत में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। सरकार का मानना है कि इस कदम से न केवल प्रदूषण घटेगा बल्कि आम लोगों को नई गाड़ी खरीदने में आर्थिक राहत भी मिलेगी।

# दिल्ली में 13 सितंबर को लोक अदालत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में 13 सितंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जहां वाहन मालिक बकाया ट्रैफिक चालान छूट के साथ निपटा सकते हैं। लोक अदालत दिल्ली के सात कोर्ट परिसर में लगेगी। दिल्ली के वाहन चालकों के लिए एक बार फिर से सुनहरा अवसर आया है। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस और दिल्ली स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी ने मिलकर 13 सितंबर 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया है। जहां नोटिस और चालान का निपटारा आसानी और छूट के साथ वाहन चालक कर सकते हैं।

### कहां-कहां लगेगी लोक अदालत, क्या होगा समय

नेशनल लोक अदालत दिल्ली के सात कोर्ट कॉम्प्लेक्स पटियाला हाउस, कड़कड़डूमा, तीस हजारी, राउज एवेन्यू, द्वारका, साकेत और रोहिणी लगेगी। जहां चालान सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक भर सकेंगे।

### वाहन मालिकों को करना होगा ये काम

लोक अदालत के लिए वाहन मालिकों को दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट से अपने बकाया चालान या नोटिस डाउनलोड करना होगा। यह सुविधा 8 सितंबर से शुरू हो चुकी है। जिसमें रोजाना अधिकतम 60 हजार चालान डाउनलोड किए जा सकते हैं। कुल 1,80,000 चालान लोक अदालत से पहले डाउनलोड हो सकेंगे। स्लॉट बुकिंग के लिए वाहन मालिकों को ऑनलाइन टोकन रजिस्ट्रेशन करना होगा।




इन दस्तावेजों की होगी जरूरत

लोक अदालत में आने वाले वाहन चालकों को अपने साथ कुछ जरूरी दस्तावेज भी लाने होंगे। जैसे की चालान/नोटिस की प्रिंटिड कॉपी, गाड़ी का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट यानी आरसी और वैध पहचान पत्र (जैसे आधार या पासपोर्ट) लेकर जाना होगा।

# बाइक और कारों के लिए खुला मेरठ-पौड़ी हाईवे
## गंगा बैराज तटबंध से रिसाव पर अफसर भी घबराए

**बिजनौर।** बिजनौर गंगा बैराज के तटबंध पर सोमवार देर शाम पानी रिसने से अफसर घबराकर जिला मुख्यालय लौट आए और हाईवे बंद कर दिया गया था।

हालांकि मंगलवार सुबह हालात सुधरने पर मेरठ-पौड़ी हाईवे को कार और बाइक के लिए खोल दिया गया, बस और ट्रकों की आवाजाही अभी बंद है।

बिजनौर में गंगा बैराज के तटबंध पर मंडरा रहे खतरे ने सोमवार की देर शाम प्रशासन को सख्त कदम उठाने पर मजबूर कर दिया। कटान बढ़ने और तटबंध से पानी रिसने के बाद मेरठ-पौड़ी नेशनल हाईवे को तत्काल वाहनों के लिए बंद कर दिया गया था। आशंका थी कि यदि तटबंध टूट गया तो पानी सीधे हाईवे पर आ सकता है, इसलिए शाम को ही कार और बाइक समेत सभी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई।



स्थिति बिगड़ते देख अफसर भी तटबंध को छोड़कर जिला मुख्यालय लौट आए थे। देर रात आसपास के गांवों में पानी घुसने का खतरा बढ़ गया था। हालांकि रात को अचानक मिट्टी का ढेर गिरने से वह रास्ता खुद-ब-खुद बंद हो गया, जिससे पानी का बहाव रुक गया और बड़ा खतरा टल गया।

मंगलवार सुबह जब हालात का दोबारा जायजा लिया गया तो रिसाव का रास्ता बंद पाया गया। इसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली और सुबह करीब नौ बजे हाईवे को कार और बाइक जैसे छोटे वाहनों के लिए फिर से खोल दिया। बस और ट्रकों का संचालन फिलहाल अग्रिम आदेशों तक बंद रहेगा। इसी के साथ प्रशासन ने कटान रोधी कार्य भी दोबारा शुरू करा दिए हैं।

# पहलगाम हमले के बाद चिन्हित 14 स्थानीय आतंकियों में से एक और ढेर, रडार पर अब ये आतंकवादी

**जम्मू।** पहलगाम हमले में शामिल एक और आतंकी ढेर हो गया। सूची में शामिल 14 आतंकियों में अब तक आठ मारे जा चुके हैं। सुरक्षाबलों की हिटलिस्ट में अब छह आतंकी हैं। इनमें 3 हिजबुल और 3 लश्कर के आतंकी हैं। कुलगाम के गुडर वन क्षेत्र में 12 घंटे से अधिक चली मुठभेड़ में मारे गए दो आतंकियों में एक दरमडोरा शोपियां का आमिर अहमद डार है। इसका नाम पहलगाम हमले के बाद जारी की गई 14 स्थानीय आतंकियों की सूची में शामिल था। वे घाटी में सक्रिय थे और पाकिस्तानी आतंकवादियों के साथ आतंक फैला रहा था। अब सूची में शामिल 8 आतंकी ढेर हुए चुके हैं।

एक पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आमिर 'सी केटेगरी' का आतंकी था। आमिर लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा था। 30 सितंबर, 2023 में आतंकी बना था। मारा गया दूसरा लश्कर आतंकी रहमान भाई पाकिस्तानी है। वह काफी समय से पीर पंजाल में सक्रिय था। अधिकारी ने बताया कि 2 अगस्त को कुलगाम के अखल वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में कच्चीपोरा पुलवामा के हारिस नजीर को मार गिराया था। वह लश्कर आतंकी था। उसका नाम भी 14 आतंकियों की सूची में शामिल था।





14 सक्रिय आतंकियों में से तीन को 13 मई को शोपियां के शुक्रू और 3 अन्य को 15 मई को त्राल के नादर में मार गिराया था। एक अन्य आतंकी 2 अगस्त को कुलगाम के अखल में ढेर किया गया था।

जुबैर वानी (39) : जुबैर अनंतनाग जिले में हिजबुल का मुख्य ऑपरेशनल कमांडर है। वह 2018 से सुरक्षाबलों पर हमलों में शामिल रहा है। आदिल रहमान डेन्टू (21): आदिल 2021 में लश्कर में शामिल हुआ। प्रतिबंधित संगठन के सोपोर जिला कमांडर के रूप में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। आसिफ अहमद खांडे (24): आसिफ शोपियां जिले का आतंकवादी है। वह जुलाई 2015 में हिजबुल में शामिल हुआ। वर्तमान में पाकिस्तानी आतंकी समूह का सक्रिय सदस्य है। नसीर अहमद वानी (21): नसीर 2019 से लश्कर के सक्रिय सदस्य के रूप में शोपियां में आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल है। हारून रशीद गनई (32) : अनंतनाग का सक्रिय हिजबुल आतंकी हारून रशीद गनई सुरक्षाबलों की रडार पर है। उसने पहले पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) की यात्रा की थी। वह हाल ही में दक्षिण कश्मीर वापस आया था।

जाकिर अहमद गनी (29): जाकिर लश्कर से जुड़ा है और लगातार सुरक्षाबलों पर हमलों और लक्षित हत्याओं में शामिल रहा है।

### तैयार की थी सक्रिय 14 स्थानीय आतंकियों की सूची

गौरतलब है कि पहलगाम हमले के बाद खुफिया एजेंसियों ने केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय 14 स्थानीय आतंकियों की सूची तैयार की थी। पहचाने गए ये आतंकी पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हैं।

### सुरक्षाबलों के रडार पर अब ये आतंकवादी

सूची में शामिल 8 आतंकियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। अब 6 बचे आतंकियों की तलाश जारी है। उनमें 3 हिजबुल और 3 लश्कर के आतंकी हैं। इनमें हिजबुल का ए+कैटेगरी का चीफ ऑपरेशनल कमांडर जुबैर अहमद वानी उर्फ अबू उबैदा, लश्कर का ए+ कैटेगरी का डिस्ट्रिक्ट कमांडर सोपोर आदिल रेहमान, हिजबुल का ए+ कैटेगरी का आसिफ अहमद, लश्कर का सी कैटेगरी का नसीर अहमद, हिजबुल का हारुन रशीद और लश्कर का जाकिर अहमद अब सुरक्षाबलों की हिटलिस्ट में शामिल हैं।

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...









# मातृ-शक्ति के योगदान से ही विकसित भारत 2047 का लक्ष्य संभव : जिलाधिकारी

## हिन्दी भवन में 'समर्थ उत्तर प्रदेश विजन @2047' संगोष्ठी, महिला सशक्तिकरण पर विशेषज्ञों ने रखे विचार







### - हमारी बेटियाँ देश की शान हैं और 2047 के भारत की तैयारी हमें आज से ही करनी होगी : डॉ. जितेन्द्र कुमार तोमर

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हिन्दी भवन, गाजियाबाद में सोमवार को 'समर्थ उत्तर प्रदेश- विकसित उत्तर प्रदेश विजन @2047' अभियान के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षाविदों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों, पुलिस अधिकारियों, उद्यमियों और छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ (आईएएस) ने कहा कि मातृ-शक्ति के योगदान से ही विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है। समाज के सभी वर्गों की सहभागिता से ही विकसित भारत की यात्रा पूर्ण होगी।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि डॉ. जितेन्द्र कुमार तोमर (पूर्व निदेशक, कृषि विभाग, उ.प्र.) ने कहा कि विकसित भारत 2047 की नींव शिक्षा, कृषि और खाद्य सुरक्षा पर टिकी है। विजन डाक्यूमेंट में दिए गए सुझावों के आधार पर ही कार्ययोजना तैयार होगी।

मुख्य अतिथि राजेन्द्र कुमार तिवारी (पूर्व मुख्य सचिव, उ.प्र.) ने अपने विस्तृत संबोधन में कहा कि बिना महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के न तो देश का विकास हो सकता है और न ही विश्व का कल्याण। हमारी बेटियाँ देश की शान हैं और 2047 के भारत की तैयारी हमें आज से ही करनी होगी।

### बेटियों का स्वस्थ, शिक्षित और आत्मनिर्भर होना सबसे पहली शर्त : डॉ उपासना अरोड़ा



करंट क्राइम। महिला स्वास्थ्य व स्वावलंबन — डॉ. उपासना अरोड़ा (एमडी, यशोदा मेडिसिटी) ने कहा कि यदि हम 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार करना चाहते हैं, तो हमारी बेटियों का स्वस्थ, शिक्षित और आत्मनिर्भर होना सबसे पहली शर्त है। महिला शक्ति केवल परिवार की धुरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति का वास्तविक इंजन है।




### विचार प्रस्तुत करते हुए वक्ताओं ने कहा :

- विकसित भारत 2047 का लक्ष्य प्रत्येक नागरिक के योगदान से ही संभव है — नरेन्द्र भूषण (आईएएस)
- खेलों से चरित्र निर्माण होता है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिला खिलाड़ियों की बढ़ती भागीदारी राष्ट्र के लिए गौरव का विषय है — डॉ. ऋचा सूद (अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी)
- बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कस्तूरबा गांधी विद्यालयों की संख्या और कन्या सुमंगला योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है — मानसी गोयल (शिक्षिका)
- स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए टेली-कंसल्टेंसी और पीपीपी मॉडल को अपनाना आवश्यक है — डॉ. प्रियंका (स्वास्थ्य विभाग)
- महिला सुरक्षा हेतु मिशन शक्ति अभियान, महिला हेल्पडेस्क व हेल्पलाइन 1090 और 112 प्रभावी सिद्ध हो रही हैं — प्रियाश्रीपाल (एसीपी, महिला सुरक्षा)
- उद्योग में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सुगम लोन, भूमि उपलब्धता और कार्यस्थल पर सुरक्षा सुविधाएँ जरूरी हैं — रेशमा खान (उद्यमी)
- महिलाओं की विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन और संवैधानिक पदों पर उनकी भागीदारी बढ़ाना समय की आवश्यकता है — चंचल गुप्ता (विधिक विशेषज्ञ)

विकसित उत्तर प्रदेश
समर्थ उत्तर प्रदेश 2047
संकल्प से समृद्धि तक

# वर्दी का रखा मान कुछ इस तरह सीओ अनिल यादव ने बचाई दो युवकों की जान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** वर्दी का धर्म जनसेवा इस कथन को चरितार्थ करते हुए गाजियाबाद के सीओ अनिल यादव ने इंसानियत की मिसाल पेश की। मंगलवार को ऑफिस आते समय रास्ते में उनकी नजर सड़क हादसे पर पड़ी। दो युवक मोटरसाइकिल से जा रहे थे, तभी अचानक उनकी बाइक एक गाय से टकरा गई और वे सड़क पर गिरकर घायल हो गए। घटना को देखते ही सीओ अनिल यादव ने बिना समय गंवाए अपनी गाड़ी रोकी और तुरंत घायलों की मदद के लिए आगे बढ़े। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों के सहयोग से घायलों को संभाला और आवश्यक प्राथमिक उपचार हेतु उन्हें अस्पताल रवाना किया।

सीओ की इस संवेदनशीलता और तत्परता को देखकर वहां मौजूद राहगीरों ने उनकी जमकर सराहना की और बधाई दी। लोगों का कहना था कि अधिकारी अगर इसी तरह मानवीय दृष्टिकोण अपनाएं तो समाज में पुलिस के प्रति भरोसा और भी गहरा होगा।

### सीओ ने बढ़ाए मदद के हाथ, तो जनता भी आई साथ

करंट क्राइम। मंगलवार को जिस वक्त सड़क हादसे में दो युवक घायल हुए और उनकी मदद के लिए सीओ अनिल यादव ने मदद के हाथ आगे बढ़ाए, तो उनके साथ मार्ग पर अन्य लोग भी इन दोनों पीड़ितों की मदद के लिए आगे आगए। जैसे ही सीओ अनिल यादव ने तो इनकी मदद की ही, साथ ही कई राहगीर भी इनका हाल-चाल पूछने लगे और टक्कर लगने के बाद इनका हौसला भी देने का काम किया गया।

### सोशल मीडिया पर हुई तारीफ

करंट क्राइम : सीओ अनिल यादव ने जब यह पोस्ट डाली, तो सोशल मीडिया पर उनकी इस पोस्ट पर जमकर तारीफ व सराहना मिल रही है। सीओ अनिल यादव ने कहा कि वर्दी पहनने का मकसद सिर्फ कानून व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि जनता की हर परिस्थिति में मदद करना है। वर्दी का असली धर्म जनसेवा है। बता दें कि वर्तमान में सीओ अनिल यादव पीएसी में तैनात हैं। वह पहले गाजियाबाद में ट्रैफिक निरीक्षक जैसे महत्वपूर्ण पद पर भी सेवाएं दें चुके हैं।

# गाज़ियाबाद में अब बचना मुश्किल : अक्टूबर से आईटीएमएस की पैनी नजर हर नियम तोड़ने वाले पर

## 850 से ज्यादा कैमरों से होगी निगरानी, नॉन-हेलमेट, ट्रिपल राइडिंग और ओवरस्पीड पर तुरंत चालान

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अगर आप बिना हेलमेट बाइक चला रहे हैं, ट्रिपल राइडिंग कर रहे हैं, तेज रफ्तार में वाहन दौड़ा रहे हैं या फिर गाड़ी को जहां-तहां पार्क कर रहे हैं तो सावधान हो जाइए। अक्टूबर माह से गाजियाबाद का पूरा ट्रैफिक इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस) की पैनी नजरों में होगा और नियम तोड़ते ही आपका चालान सीधे घर पहुंचेगा।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने मंगलवार को आईटीएमएस परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए साफ कहा कि अक्टूबर से हर हाल में ट्रैफिक क्लटर की निगरानी में चलेगा। नियम तोड़ने वालों को अब किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।




नगर निगम, यातायात पुलिस, पीडब्ल्यूडी और वन विभाग की मौजूदगी में हुई बैठक में बताया गया कि 850 से ज्यादा हाईटेक कैमरे शहर के अलग-अलग हिस्सों में लगाए जा रहे हैं। ये कैमरे हर नियम तोड़ने वाली गतिविधि- चाहे नो-हेलमेट हो, ट्रिपल राइडिंग हो, ओवरस्पीडिंग हो या गलत पार्किंग-तुरंत रिकॉर्ड करेंगे। फुटेज सीधे कंट्रोल रूम पहुंचेगा, जहां पुलिस और निगम अधिकारी मिलकर मॉनिटरिंग करेंगे।

### ट्रैफिक सिग्नल भी होंगे स्मार्ट

करंट क्राइम। आईटीएमएस के तहत ट्रैफिक सिग्नल भी ऑटोमेटिक होंगे। वाहनों की भीड़ को देखते ही रेड और ग्रीन लाइट खुद बदलेंगी। इससे जाम कम होगा और ट्रैफिक सुचारु रूप से चलेगा। नगर आयुक्त ने विभागीय टीम को निर्देश दिया है कि कैमरा इंस्टॉलेशन और मॉनिटरिंग बिल्डिंग का काम तेजी से पूरा करें। उन्होंने कहा कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में अब कोई समझौता नहीं होगा। आईटीएमएस के बाद नियम तोड़ने वालों के लिए सड़कें सुरक्षित जगह नहीं रहेंगी।



# गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों में होता अगर एकता का कायदा

# तो लखनऊ में नहीं फैलता हाउस टैक्स का ये रायता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का मुद्दा बड़ा बन गया है। मुद्दा बड़ा बन गया या बनाया गया ये बाद की बात है, लेकिन इस मुद्दे ने एक बात तो तय कर दी कि जिस गाजियाबाद में जनता ने भाजपा को महा जनादेश दिया है उस गाजियाबाद में जनादेश वाले जनप्रतिनिधि एकजुटता का संदेश देने में फेल रहे। हाउस टैक्स पर वृद्धि हुई और ये मामला हाईकोर्ट में आ गया।

ये शहर का मुददा था और सबसे बड़ी बात ये रही कि यहां जनता के जनप्रतिनिधि एक संदेश देने में कमजोर साबित हुए। जिन सांसद, विधायक, मंत्री के सामने नगर निगम सदन की मुखिया मेयर ने ये घोषणा की कि हाउस टैक्स वृद्धि का प्रस्ताव सर्वसम्मति से निरस्त हो गया है, फिर उस घोषणा का कितना असर रहा। सत्ताधारी दल के पार्षद लगातार मिनट्स बुक मांगते रहे, उन्हें बैठक के मिनट्स नहीं मिले और सबसे बड़ी बात ये रही कि भाजपा के पार्षद बैठक के मिनट्स मांग रहे थे और निगम के अधिकारी ने ये कह दिया कि मिनट्स बुक पर मेयर के हस्ताक्षर होने हैं और वो उन्हीं के पास है।

पार्षदों को मिनट्स बुक नहीं मिले और वो धरने पर बैठ गये। बैठक के मिनट्स कोई मोहनजोदड़ो से खोदकर तो लाने नहीं थे। हाउस टैक्स वृद्धि को लेकर घमासान था, धरने प्रदर्शन हुए और जिस बैठक में सांसद, विधायक शामिल हुए और जिस धरने पर भाजपा के ही विधायक पहुंचे, उस धरने को लेकर मेयर ने ही महानगर अध्यक्ष को पत्र लिख दिया। ये कहा कि धरना पार्टी नीति के खिलाफ है। कहानी में मोड़ तब आया तब आया जब क्षेत्रीय अध्यक्ष ने अपना फैसला सुनाया और कहा कि मिनट्स बुक मांगना पार्षदों का अधिकार है और इसमें कोई अनुशासनहीनता नहीं है। उससे पहले पार्षद बैठक के लिय सांसदों, विधायकों के पास गए, अनुरोध किया।

कहानी यहीं खत्म नहीं हुई और गाजियाबाद से भाजपा के पार्षद विपक्ष वाले एक पार्षद पति और एक पूर्व पार्षद को साथ लेकर लखनऊ के लिये बस में बैठकर रवाना हुए। जब लखनऊ में गाजियाबाद के पार्षद इस मंत्री से लेकर उस मंत्री तक और संगठन के पदाधिकारियों के पास अपनी बात रख रहे थे तो जाहिर सी बात थी कि एक बड़ा संदेश ये था कि अगर गाजियाबाद में सांसद, विधायक, मंत्री, मेयर, संगठन के अध्यक्ष एकजुटता का संदेश देते तो लखनऊ में ये रायता नहीं फैल रहा होता।

सरकार के पार्षद अपनी सरकार में विपक्ष वाले नेताओं को साथ लेकर जब बात रख रहे थे तो गाजियाबाद में पूर्व पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया। वो धरना प्रदर्शन कर रहे थे और इसमें सबसे खास बात ये थी कि ये भी भाजपा के नेता थे। इनमें विजय मोहन एक ऐसे नेता हैं जो नगर निगम पार्षद रहे हैं, जो महानगर अध्यक्ष रहे हैं और वो कविनगर में प्रदर्शन कर रहे थे। हाउस टैक्स वृद्धि का विरोध हो रहा था। अजय गुप्ता भाजपा के हैं, हिमांशु मित्तल भाजपा के हैं, शहर विधायक भाजपा के, लोकसभा सांसद भाजपा के, कैबिनेट मंत्री भाजपा के, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार भाजपा के तो सवाल यही उठ रहा है कि आखिर जब इतने जनप्रतिनिधि भाजपा के हैं तो फिर इस मुद्दे पर कोई विधि क्यों नहीं निकल पा रही है। अभूतपूर्व तरीके से मौजूदा भी मैदान में भी आ गए और पूर्व वाले भी मैदान में आ गए।

सवाल ये उठने लगा है कि अगर जनप्रतिनिधि निगम की 30 जून वाली बैठक को सीरियस लेते तो लखनऊ तक ये सीन नहीं होता। गाजियाबाद में कौन है जो भाजपा को इतने हल्के में ले रहा है। जनता ने तो जनादेश दिया और लोकसभा में भाजपा को जिताया, विधानसभा में भाजपा को जिताया, मेयर चुनाव में भाजपा को जिताया, सौ पार्षदों वाले सदन में 75 पार्षद भाजपा के हैं, कैबिनेट मंत्री भाजपा के हैं, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार भाजपा के हैं, एमएलसी भाजपा के हैं, तो फिर ऐसी क्या बात है कि अपनी ही सरकार में भाजपा के पार्षद लखनऊ में इधर से उधर जा रहे हैं। क्या गाजियाबाद में भाजपा पार्षदों की बात को सांसद नहीं सुन रहे थे। क्या मेयर अपने पार्षदों को समझाने में सफल नहीं रहीं। क्या कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने भाजपा पार्षदों के मुददे पर ध्यान हनीं दिया। क्या राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने उनकी बात नहीं सुनी। क्या संजीव शर्मा शहर विधियाक के रूप में रूचि नहीं ले रहे थे। क्या अजीतपाल त्यागी ने इस विषय पर पार्षदों की नहीं सुनी।

सवाल यही है कि अगर पार्षदों की इन सबने सुन ली होती तो लखनऊ तक ये मामला ही नहीं जाता। एकजुट होकर अगर सभी इस मुद्दे पर साथ आ जाते तो शासन तक बात पहुंचती। पार्षदों को तीन दिन डेरा डालना पड़ा और वो इधर से उधर गए। प्रभारी मंत्री से मिले, नगर विकास मंत्री से मिले। अगर यहां भाजपा पावरफुल है तो फिर ये भाजपा के पार्षद लखनऊ में क्यों इधर से उधर जनता के मुद्दे हाउस टैक्स को लेकर जा रहे हैं।

बड़े नेताओं के नाम पर पूरी तरह इमोशनल होकर ईवीएम का बटन दबाने से जनता के छोटे मुद्दे नहीं सुलझ रहे हैं। आखिर ऐसा क्यों हैं। जनता अपनी समस्याओं का समाधान चाहती है और क्षेत्र की जनता को भी गंभीर रूप से चिंतन मंथन करना होगा। जनता ने भाजपा को अपना वोट जनप्रतिनिधियों की इंटरनल नाराजगी और आपसी ईगो के टकराव को देखने के लिये नहीं दिया है।

जनता ने वोट पीएम और सीएम के नाम पर दिया है तो पीएम और सीएम भी इस बात पर भी संज्ञान ले कि जनता क्यों परेशान हैं। जनता की प्रमुख समस्या को लेकर पार्षद तो लखनऊ गए, लेकिन यहां के सांसद, विधायक, मेयर और मंत्री ने अपनी तरफ से लखनऊ में एक फोन भी मिलाकर क्या सरकार को जन परेशानियों के विषय में बताया। क्या उन्हें ये बताया कि यहां धरना प्रदर्शन हो रहा है। जनता को ये भी सोचना होगा कि जिन जनप्रतिनिधियों को उन्होंने जिताया उनकी बात को कितनी तवज्जो दी जा रही है।









### जनता ने वोट जनप्रतिनिधियों की इगो देखने के लिए नहीं दिया है

**करंट क्राइम।** माना की लहर है, लेकिन ये भी तो मानना पड़ेगा कि इस लहर में हाउस टैक्स वृद्धि का कहर जनता पर ही पड़ा है। जनता में कमी तो ये जनप्रतिनिधि निकाल नहीं सकते। जनता ने इन्हें जनादेश देने में कोई कंजूसी नहीं की है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को जनता ने लखनऊ और बनारस से बड़ी जीत यहां दिलाई है। कैबिनेट मंत्रीसुनील शर्मा को देश की सबसे बड़ी जीत साहिबाबाद की जनता ने ही तो दिलाई है। मेयर सुनीता दयाल को भाजपा वाले वोट ही तो मिले हैं। जब इतना वोट मिलने के बाद भी अगर ये जनप्रतिनिधि जन मुद्दे पर जनता के सपोर्ट में नहीं आ रहे हैं तो फिर वो समय आ गया है कि जनता वोट देने से पहले चिंतन भी करें और मंथन भी करें।

### अगर प्रस्ताव है निरस्त तो फिर निगम कोर्ट में क्यों

एक बड़ा यक्ष प्रश्न ये खड़ा हो गया है कि क्या यहां से निगम प्रशासन ने लखनऊ में शासन को सही स्थिति से अवगत नहीं कराया है और अगर निगम प्रशासन ने अवगत नहीं कराया है तो निगम के पदेन सदस्यों में आने वाले सांसद, विधायक और मंत्रियों ने क्या फर्ज निभाया है। पार्षद जब लखनऊ पहुंचे हैं तो पता चला है कि वहां तो पूरे में मामले में फीडबैक कुछ और दी गई है। अब भाजपा में ये सवाल खड़ा हो रहा है कि अगर नगर निगम की बोर्ड बैठक में हाउस टैक्स वृद्धि का प्रस्ताव सर्वसम्मति से निरस्त हो चुका है तो फिर निगम के अधिकारी कोर्ट में किस लड़ाई को लड़ रहे हैं। अगर प्रस्ताव ही निरस्त हो गया तो फिर निगम के अधिकारी कोर्ट में जवाब क्यों दाखिल कर रहे हैं। क्या वो सदन द्वारा सर्वसम्मति से दिये गये प्रस्ताव को नहीं मान रहे, वो कोर्ट का हवाला लखनऊ में क्यों दे रहे हैं। जब जनहित याचिका दायर हुई है और इस मामले में कोई स्टे भी नहीं है तो फिर निगम के अधिकारी अदालत को ये क्यों नहीं बताते हैं कि यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से निरस्त हो गया है और स्वयं मेयर ने इसकी घोषणा की है। आखिर क्या मामला है ये पता तो चले।

## संपादकीय

# जीएसटी की दरों में कटौती से मिलेगी राहत

सरकार की ओर से हाल में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कटौती के एलान से माना जा रहा था कि इससे आम लोगों को महंगाई से थोड़ी राहत मिलेगी। उनके पास पैसों की बचत होगी, जिसे वे अन्य जरूरी वस्तुएं जुटाने पर खर्च कर सकेंगे। मगर इससे पहले कि जीएसटी की नई दरें लागू होतीं, लोगों की जेब पर एक और शुल्क का बोझ पड़ गया है। आनलाइन माध्यम से भोजन की आपूर्ति करने वाली कुछ कंपनियों ने अपने मंच शुल्क में बढ़ोतरी कर दी है। यानी आनलाइन भोजन मंगवाना अब महंगा हो जाएगा। इसका असर देशभर के लाखों लोगों पर पड़ेगा। माना जा रहा है कि 22 सितंबर से आपूर्ति शुल्क पर अठारह फीसद जीएसटी लागू होने पर आनलाइन भोजन मंगाने पर खर्च और बढ़ सकता है। ऐसे में यह सवाल भी अहम हो गया है कि सरकार ने जीएसटी सुधारों के तहत जो कदम उठाया है, क्या वास्तव में उसका लाभ उभोक्ताओं को मिल पाएगा या नहीं? आनलाइन खाने के बढ़ सकते हैं दाम खबरों के मुताबिक, आनलाइन बुकिंग के माध्यम से भोजन परोसने वाली एक मुख्य कंपनी ने चुनिंदा बाजारों में अपना मंच शुल्क जीएसटी सहित पंद्रह रुपए कर दिया है। इसकी एक अन्य प्रतिद्वंद्वी कंपनी ने भी अपना मंच शुल्क बढ़ाकर 12.50 रुपए (जीएसटी को छोड़कर) कर दिया है, जबकि एक अन्य कंपनी ने व्यापक उद्योग रुझानों के अनुरूप अपना मंच शुल्क संशोधित करके दस रुपए प्रति आर्डर कर दिया है। भोजन आपूर्ति कारोबार से जुड़े विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि 22 सितंबर से जब आपूर्ति शुल्क पर अठारह फीसद जीएसटी लागू हो जाएगा तो उपयोगकताओं पर प्रति आर्डर लगभग दो रुपए से लेकर ढाई रुपए से ज्यादा तक अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। जानकारों का कहना है कि जीएसटी में बदलाव से भोजन तैयार करने की लागत पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा, इसलिए उपभोक्ताओं पर शुल्क का अतिरिक्त बोझ डालने का औचित्य समझ से परे है। ऐसे में इन कंपनियों द्वारा मंच शुल्क में एक साथ की गई बढ़ोतरी खाद्य वितरण क्षेत्र में महंगाई के बढ़ते रुझान को रेखांकित करती है, जिससे यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या लाखों ग्राहकों के लिए सामर्थ्य और सुविधा अब भी साथ-साथ चल सकती हैं?

सरकार का तर्क है कि जीएसटी दरों में कटौती और इनके सरलीकरण से न केवल आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, बल्कि घरेलू मांग भी बढ़ेगी, छोटे और बड़े उद्यमों को ज्यादा अवसर मिलेंगे, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे तथा लोगों की आय बढ़ेगी, जिससे उनके खर्च की क्षमता भी बढ़ेगी। सरकार के इस फैसले को अमेरिकी शुल्क की चुनौतियों से निपटने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। दरअसल, सरकार का जोर घरेलू मांग और खपत बढ़ाने पर है। कर में राहत से लोगों की खरीद क्षमता बढ़ेगी और इसके परिणामस्वरूप खपत में भी बढ़ोतरी होगी, जिससे अमेरिकी शुल्क का प्रभाव कम होगा। मगर यह तभी संभव होगा, जब जीएसटी दरों में कटौती का लाभ वास्तव में उपभोक्ताओं तक पहुंचेगा। अगर एक तरफ कर कम किया जाता है और दूसरी तरफ बढ़ा दिया जाता है।

# भारतीय बाजार की ओर आकर्षित हो रही जापानी कंपनियां स्टील के उत्पादन और खपत को देखकर खोज रहे अवसर




**नई दिल्ली।** जापान आयरन एंड स्टली फेडरेशन के प्रतिनिधि काजुओ माइक फुजिसावा ने कहा कि भारत में स्टील उत्पादन में वृद्धि दर ऊंची है और अधिक जनसंख्या के चलते प्रति व्यक्ति स्टील की खपत भी ऊंची है। बढ़ते उत्पादन और खपत के कारण जापानी कंपनियां भारत में अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए आकर्षित हो रही है। स्टील के बढ़ते घरेलू उत्पादन और खपत के कारण जापानी कंपनियां भारत में अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए आकर्षित हो रही है। राजधानी दिल्ली में आईएसए स्टली कॉन्कलेव के अवसर पर जापान आयरन एंड स्टली फेडरेशन के प्रतिनिधि काजुओ माइक फुजिसावा ने यह बात कही। संयुक्त उद्यम का लक्ष्य वित्त वर्ष 2027 में पूर्ण उत्पादन शुरू करना व भारत में अनाज-उन्मुख विद्युत स्टील के बढ़ते बाजार के अनुरूप उत्पादन का विस्तार करना था।

निप्पॉल स्टील और आर्सेलर मित्तल का संयुक्त उद्यम फुजिसावा ने कहा कि इसी तरह, जापान की निप्पॉन स्टील और भारत की आर्सेलर मित्तल का संयुक्त उद्यम है, उनकी अपनी क्षमता विस्तार की योजना है। आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील संयुक्त उद्यम, जिसे एएम/एनएस इंडिया के नाम से जाना जाता है, दिसंबर 2019 में दिवालिया एस्सार स्टील के अधिग्रहण के बाद दो प्रमुख इस्पात कंपनियों द्वारा स्थापित किया गया था।

### भारत में प्रति व्यक्ति स्टील की खपत ऊंची

उन्होंने कहा कि भारत में स्टील उत्पादन में वृद्धि दर ऊंची है और इसकी जनसंख्या भी बढ़ रही है, इसलिए प्रति व्यक्ति स्टील की खपत भी ऊंची है। फुजिसावा ने कहा कि हमारे पास कुछ संयुक्त उद्यम हैं। जेएफई की जेएसडब्ल्यू स्टील में बड़ी हिस्सेदारी है। जापान की जेएफई स्टील कॉर्पोरेशन (जेएफई स्टील) और जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड (जेएसडब्ल्यू स्टील) के बीच नवीनतम संयुक्त उद्यम एक साल पहले स्थापित हुआ था और अब इसका विस्तार हो रहा है। भविष्य में नए उद्यमों की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### जेएफई और जेएसडब्ल्यू स्टील के संयुक्त उद्यम का लक्ष्य

जेएफई और जेएसडब्ल्यू स्टील ने भारत में अनाज-उन्मुख विद्युत स्टील के लिए एक संयुक्त उद्यम कंपनी जेएसडब्ल्यू जेएफई इलेक्ट्रिकल स्टील प्राइवेट लिमिटेड (वैधानिक अनुमोदन के अधीन) की स्थापना की थी और 12 फरवरी, 2024 को भारत के कर्नाटक के बेल्लारी में एक ग्राउंडब्रेकिंग समारोह आयोजित किया था, जहां नई सुविधा विकसित करने का प्रस्ताव है।

# हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 314 अंक चढ़ा, निफ्टी में भी उछाल

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सोमवार को 314.02 अंक उछलकर 81,101.32 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 95.45 अंक की बढ़त के साथ 24,868.60 पर बंद हुआ।

हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 314.02 अंक या 0.39 प्रतिशत उछलकर 81,101.32 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 95.45 अंक या 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,868.60 पर आ गया।

आईटी शेयरों में तेजी के कारण बेंचमार्क सूचकांक हुए मजबूत आईटी शेयरों में तेजी और इस महीने के अंत में अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद के बीच मंगलवार को प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स 314 अंक चढ़ गया और निफ्टी 24,800 से ऊपर बंद हुआ। लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 314.02 अंक या 0.39 प्रतिशत चढ़कर




81,101.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 394.07 अंक या 0.48 प्रतिशत बढ़कर 81,181.37 अंक पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 95.45 अंक या 0.39 प्रतिशत बढ़कर 24,868.60 अंक पर पहुंच गया, जो लगातार पांचवें दिन बढ़त दर्ज की गई।

# हिंसक प्रदर्शन से काठमांडू एयरपोर्ट बंद

## भारतीय उड़ानें रद्द, दूतावास ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर



**नई दिल्ली।** नेपाल में व्यापक विरोध प्रदर्शनों के कारण राजधानी काठमांडू का त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। इसी बीच नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। हालात को देखते हुए एअर इंडिया और इंडिगो ने काठमांडू जाने वाली उड़ानें रद्द कर दी हैं। इसी बीच भारतीय दूतावास ने हेल्पलाइन नंबर भी जारी कर दिया है। नेपाल की राजधानी काठमांडू इस समय भारी अशांति की चपेट में है। सोमवार को सोशल मीडिया पर लगे प्रतिबंध के खिलाफ ह्यजेन जी की अगुवाई में हुए प्रदर्शन ने हिंसक रूप ले लिया। इसके बाद काठमांडू का त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा भी बंद करना पड़ा। ऐसे में, भारत से नेपाल जाने वाली कई उड़ानें प्रभावित हुईं। एअर इंडिया ने दिल्ली-काठमांडू मार्ग पर चलने वाली तीन उड़ानों (अक2231/2232, अक2219/2220 और अक217/218) को रद्द कर दिया। वहीं, इंडिगो की दिल्ली और मुंबई से उड़ानें (6ए1153 और 6ए1157) काठमांडू में उतरने के इंतजार में रहीं लेकिन मंजूरी न मिलने पर उन्हें लखनऊ डायवर्ट करना पड़ा।

नेपाल की नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के अधिकारी ज्ञानेंद्र भुल ने बताया कि प्रदर्शनकारियों द्वारा लगाई गई आग से उठे धुएं के कारण हवाईअड्डे के दक्षिणी हिस्से से आने वाली उड़ानों की लैंडिंग रोक दी गई। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटरडार24 के आंकड़ों से भी पता चला कि कई भारतीय विमान नेपाल के ऊपर चक्कर काट रहे थे। सोशल मीडिया बैन से भड़का आक्रोश नेपाल सरकार ने हाल ही में इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप, यूट्यूब और एक्स (पहले ट्विटर) जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाया था।(

### भारतीय दूतावास ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

इसी बीच भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। दूतावास ने कहा कि नेपाल में मौजूद सभी भारतीय नागरिक किसी भी आपात स्थिति या सहायता की जरूरत होने पर तुरंत संपर्क कर सकते हैं। जारी किए गए नंबर हैं : +977-9808602881 और +977-9810326134। दूतावास ने नागरिकों से सतर्क रहने और हालात पर नजर बनाए रखने की अपील की है। यात्रियों को अनावश्यक यात्रा से बचने की सलाह दी गई है।

### नेताओं के घरों में आगजनी

स्थिति इतनी बिगड़ी कि प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली समेत कई शीर्ष नेताओं के घरों को आग के हवाले कर दिया। स्थानीय मीडिया में आई तस्वीरों और वीडियो में संसद भवन से उठते धुएं के बड़े-बड़े गुबार नजर आए। मंगलवार को ओली ने इस्तीफा दे दिया। वहीं, इन हालातों को देखकर ऐसा माना जा रहा है।

# सेबी ने 90% सरकारी हिस्सेदारी वाले सार्वजनिक उपक्रमों की आसान डीलिस्टिंग के लिए नियम बनाए

**नई दिल्ली।** सेबी की ओर से किए गए उपायों में सार्वजनिक शेयरधारकों की ओर से डीलिस्टिंग को मंजूरी देने के लिए दो-तिहाई सीमा की आवश्यकता में ढील और न्यूनतम मूल्य की गणना के तरीके में ढील शामिल है। बाजार नियामक सेबी ने ऐसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की स्वैच्छिक डीलिस्टिंग के लिए विशेष नियम बनाए हैं, जिनमें सरकार की 90 प्रतिशत या उससे अधिक हिस्सेदारी है।




सेबी की ओर से किए गए उपायों में सार्वजनिक शेयरधारकों की ओर से डीलिस्टिंग को मंजूरी देने के लिए दो-तिहाई सीमा की आवश्यकता में ढील और न्यूनतम मूल्य की गणना के तरीके में ढील शामिल है। इसके अलावा, ऐसी डीलिस्टिंग एक निश्चित मूल्य पर हो सकती है। यह न्यूनतम मूल्य फ्लोर प्राइस से कम से कम 15 प्रतिशत प्रीमियम के साथ होनी चाहिए, चाहे ट्रेडिंग कितने ही अंतराल पर क्यों न हो रहा हो। सेबी ने 1 सितंबर की अपनी अधिसूचना में कहा कि यह नियम सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और बीमा कंपनियों को छोड़कर) पर लागू होगा, जहां राज्य के पास 90 प्रतिशत या उससे अधिक हिस्सेदारी है।

डीलिस्टिंग के लिए न्यूनतम मूल्य की गणना तीन विकल्पों में से अधिकतम का उपयोग करके की जाएगी। मौजूदा डीलिस्टिंग नियमों के तहत, प्रमोटर की शेयरधारिता 90 प्रतिशत तक पहुंचने पर डीलिस्टिंग सफल मानी जाती है। इसके अलावा, डीलिस्टिंग के लिए न्यूनतम मूल्य की गणना कई मूल्य निर्धारण मानदंडों, जैसे 60-दिन के औसत मूल्य और पिछले 26 हफ्तों के अधिकतम मूल्य के आधार पर की जाती है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आपको जानकर आश्चर्य होगा कि कोटार्ड के सिंड्रोम में, जीवित लोग खुद को मरा हुआ मानते हैं।
- अब तक मानव इतिहास में करीब 100 अरब लोग मारे गए हैं।
- न्यूयॉर्क में, हत्या के मुकाबले अधिक लोग आत्महत्या करते हैं।
- साल 2004 में, फिनलैंड में एक कर लेखा परीक्षक का अपनी मेज पर निधन हो गया, और विभाग में एक ही मंजिल पर 100 कर्मचारियों के सदस्य होने के बावजूद, किसी को भी एहसास नहीं हुआ कि वह 2 दिनों से मर चुका था।
- भारत में जोरोस्ट्रियन पारसी समुदायं दफनाने के बजाए गिद्धों के लिए मृतकों की पेशकश करता है।
- क्या आप जानते हैं? डॉक्टरों की खराब लिखावट सालाना 7,000 से अधिक लोगों को मार देती है।
- शार्क सालाना लगभग 12 लोगों को मार देते हैं। लोग 11, 417 शार्क-एक घंटे में मारते हैं। साल 2004 में, पराग्वे में एक सुपरमार्केट आग में 300 से अधिक लोगों की मौत हो गई क्योंकि मालिकों ने दरवाजे बंद कर दिए ताकि लोगों को इसके भुगतान के बिना माल से भागने से रोका जा सके।

## राशिफल

**मेष :** जल्दी ही बीमारी से उबरने की संभावना है। आप अपने साथी के नजरिए को नजरअंदाज करेंगे, तो वह अपना आपा खो सकता/सकती है।

**वृष :** दिन शानदार रहेगा। कुछ बेहतरीन कर गुजरने के मूड में रहेंगे। कुछ अच्छे अवसर भी मिलेंगे, जिसका आप पूरा फायदा उठायेंगे। आपका आर्थिक पक्ष भी मजबूत रहेगा।

**मिथुन :** आपका धन कहीं पर लंबे समय से फंसा हुआ है, तो वह आज आपको वापस मिल सकता है। शनिदेव की कृपा से आपके रुके हुए सभी काम तेजी से पूरे होने लगेंगे।

**कर्क :** आपका व्यक्तित्व आज इत्र की तरह महकेगा और सबको आकर्षित करेगा। कुछ खरीदने से पहले उन चीजों का इस्तेमाल करें, जो पहले से आपके पास हैं।

**सिंह :** दिन मिला-जुला रहेगा। किसी जरूरी काम को पूरा करने में माता का सहयोग मिल सकता है। परिवार वालों के साथ कहीं आसपास टूर का प्लान बन सकता है।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के परिवार में प्रेम बढ़ेगा और जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बिता सकते हैं। किसी भी नये कार्य को करने से पहले बुजुर्गों की सलाह जरूर लें।

**तुला :** जो धुंध आपके चारों तरफ छायी हुई है और आपकी प्रगति को बाधित कर रही है, उससे बाहर निकलने का समय है।

**वृश्चिक :** आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको कारोबार में आगे बढ़ने के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। ऑफिस में दिन अच्छा बीतेगा। एकस्ट्रा इनकम के नए जरिये भी मिलेंगे।

**धनु :** आज आप उन्नति करेंगे। आपका रुतबा और शोहरत दोनों बढ़ेगी। लंबे समय से चली आ रहीं सभी प्रकार की समस्याएं समाप्त होने वाली है।

**मकर :** शराब से दूर रहें, क्योंकि इससे नींद में खलल पड़ेगा और आराम से महरूम रह सकते हैं। जिन लोगों को जानते हैं, उनके जरिए आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे।

**कुंभ :** आज आपकी सोच सकारात्मक रहेगी। आप जितना सकारात्मक सोचेंगे, उतने ही सफल रहेंगे। जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ नया कर सकते हैं।

**मीन :** आज नया वाहन या प्रॉपर्टी खरीदने की योजना बन सकती है। आज का दिन आपके लिए खुशी और संतुष्टि भरा रहेगा।

## चुटकुले

सिक्योरिटी गार्ड से नौकरी के लिए इंटरव्यू में पूछा गया कि अंग्रेजी आती है?
गार्ड का शांतिपूर्ण जवाब
क्यों चोर इंग्लैंड से आएंगे क्या?

---

पत्नी : सुनो जी, मुझे हीरे की अंगूठी चाहिए।
पति : ठीक है, सपना देख लो!
पत्नी : मतलब?
पति : सपना सस्ता पड़ता है, कोई EMI भी नहीं देनी पड़ती!

---

टीचर - पप्पू तुम परिंदों के बारे में सब जानते हो?
पप्पू - जी हां, बहुत कुछ जानता हूं।
टीचर - जरा बताओ कौन सा परिंदा उड़ नहीं सकता?
पप्पू - टीचर, जी मैम, मरा हुआ परिंदा।

---

दोस्त : भाई, तेरा फोन इतना क्यों बजता है?
गोलू : क्योंकि उसमें अ'१ है।
दोस्त : और किसी का कॉल?
गोलू : वो तो सिर्फ लोन वाले बैंक वालों का आता है!




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# पाकिस्तानी खिलाड़ी ने 31 की उम्र में इंटरनेशनल क्रिकेट को कहा अलविदा

**पाकिस्तान के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उस्मान शिनवारी ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। 31 साल के शिनवारी ने कुल 34 अंतरराष्ट्रीय मैचों में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया और 48 विकेट चटकाए**



**नई दिली।** उस्मान शिनवारी ने छह साल पहले राष्ट्रीय टीम के लिए आखिरी मुकाबला खेला था। 2013 से 2019 के बीच तीनों प्रारूपों में पाकिसान का प्रतिनिधित्व करने वाले शिनवारी ने कहा कि वो लीग क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। उन्होंने एक टेस्ट, 17 वनडे और 16 टी20 इंटरनेशनल मैचों में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया।

मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है, लेकिन अब समय है कि अगली पीढ़ी के लिए जगह बनाई जाए। मैं खेल और अपने फैंस से जुड़े रहने के लिए लीग क्रिकेट खेलना जारी रखूंग। मेरे फैंस का प्यार और समर्थन मेरे लिए सबकुछ है।'

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शिनवारी के पोस्ट पर जवाब देकर उनके संन्यास की पुष्टि की। पीसीबी ने जवाब दिया, 'धन्यवाद उस्मान शिनवारी।' श्रीलंका के खिलाफ सारे डेब्यू बता दें कि उसशिनवारी ने 2013 में श्रीलंका के खिलाफ अपना टी20 इंटरनेशनल डेब्यू किया। उन्होंने अक्टूबर 2017 में शारजाह में श्रीलंका के खिलाफ ही वनडे डेब्यू भी किया। दिसंबर 2019 में शिनवारी ने श्रीलंका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेला, जिसमें एक विकेट लिया। वहीं, वनडे में 34 और टी20 इंटरनेशनल में 13 विकेट झटके। उस्मान शिनवारी का करियर पीठ की चोट के कारण प्रभावित रहा। वो आखिरी बार पाकिस्तान के घरेलू टूनार्मेंट नेशनल टी20 कप में खेलते हुए नजर आए थे। क्वेटा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए शिनवारी को चार मैचों में एक भी विकेट नहीं मिला था।

# भारत-यूएई मैच में बारिश बनेगी विलेन



**दुबई ।** एशिया कप 2025 के दूसरे मुकाबले में जब भारत और यूएई आमने-सामने होंगे, तब मौसम कोई बाधा नहीं डालेगा। दुबई में मैच के दौरान तापमान लगभग 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। आसमान पूरी तरह साफ रहेगा और बारिश की कोई संभावना नहीं है। हालांकि, नमी (ह्यूमिडिटी) करीब 65 प्रतिशत तक रहने की उम्मीद है, जिससे खिलाड़ियों को हल्की दिक्कत हो सकती है। भारत और यूएई के बीच यह मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। यहां की पिच बल्लेबाज और गेंदबाज दोनों को ही बराबर मदद देती है, लेकिन स्पिनर मैच की दिशा बदलने की क्षमता रखते हैं। यही कारण है कि इस मैदान पर टी20 मुकाबलों में औसत स्कोर 144 रन के आसपास रहा है। तेज गेंदबाजों ने यहां अब तक लगभग 64 प्रतिशत विकेट अपने नाम किए हैं। स्टेडियम के रिकॉर्ड्स बताते हैं कि यहां पहले बल्लेबाजी करने वाली टीमों को सिर्फ 40 प्रतिशत बार जीत मिली है, जबकि पहले गेंदबाजी करने वाली टीमों ने 59 प्रतिशत बार सफलता हासिल की है। यूएई में भारतीय मूल के 6 खिलाड़ियों का दबदबा एशिया कप 2025 में टीम इंडिया अपनी शुरूआत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ खेलने जा रही है। इस दिलचस्प मुकाबले की एक अनूठी विशेषता यह है कि यूएई टीम में छह भारतीय मूल के खिलाड़ी शामिल हैं। ये वही खिलाड़ी हैं- हर्षित कौशिक, सिमरनजीत सिंह, ध्रुव पराशर, अलीशान शराफू, आर्यांश शर्मा और राहुल चोपड़ा। इस गिनती से साफ है कि भारत के खिलाफ यह मैच यूएई टीम के लिए भावनात्मक रूप से भी बेहद खास होने वाला है।

भारतीय मूल के खिलाड़ीः यूएई टीम की रीढ़ यूएई की टीम में इन भारतीय मूल के खिलाड़ियों की उपस्थिति यह दशार्ती है कि देश की क्रिकेट गहराई में भारतीय समुदाय की पैठ है। ये खिलाड़ी यूएई की राष्ट्रीय टीम में मुख्य भूमिका निभाते हैं और भारत के खिलाफ खेलते हुए अपनी पहचान बना रहे हैं। यह मुकाबला उनके लिए प्रेरणा और गर्व दोनों का स्रोत होगा। टीम इंडिया की प्लेइंग-11 चुनने में उलझन भारत के लिए इस मैच में अंतिम एकादश चयन एक चुनौतीपूर्ण काम है।

# अफगानिस्तान ने हांगकांग को दिया 189 रनों का लक्ष्य



## सेदिकुल्लाह-ओमरजई के अर्धशतक

**अबुधाबी।** अजमातुल्लाह ओमरजई ने हांगकांग के खिलाफ 20 गेंदों पर अर्धशतक लगाया, लेकिन अगली ही गेंद पर वह अपना विकेट गंवा बैठे। अजमातुल्लाह ने सेदिकुल्लाह अटल के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 82 रनों की साझेदारी की जिससे अफगानिस्तान का स्कोर 175 रन के पार पहुंच गया। अजमातुल्लाह 21 गेंदों पर दो चौकों और पांच छक्कों की मदद से 53 रन बनाकर आउट हुए। अफगानिस्तान और हांगकांग के बीच एशिया कप 2025 का पहला मुकाबला अबु धाबी में खेला जा रहा है। इस मैच से ही एशिया कप 2025 की शुरूआत हुई है।

अजमातुल्लाह से पहले अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज सेदिकुल्लाह अटल ने हांगकांग के खिलाफ 51 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। अजमातुल्लाह और सेदिकुल्लाह के बीच अच्छी साझेदारी हो रही थी और दोनों बल्लेबाज आक्रामक अंदाज में खेल रहे थे, लेकिन आयुष शुक्ला ने अजमातुल्लाह को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। अफगानिस्तान को चौथा झटका गुलबदिन नईब के रूप में लगा था जो पांच रन बनाकर आउट हुए। गुलबदिन से पहले मोहम्मद नबी भी अपना विकेट गंवा बैठे थे। नबी ने सेदिकुल्लाह के साथ मिलकर शुरूआती झटके के बाद अफगानिस्तान को संभाला और दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी हुई। नबी 26 गेंदों पर तीन चौकों और एक छक्के की मदद से 33 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें केडी शाह ने अपना शिकार बनाया। शुरूआती झटकों के बाद सेदिकुल्लाह और नबी ने टीम की पारी को संभाला जिससे अफगानिस्तान 50 रनों का आंकड़ा पार करने में सफल रहा। इस मैच में हालांकि, अफगानिस्तान की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 26 रन के स्कोर पर दो विकेट गंवा दिए। अफगानिस्तान को रहमानुल्लाह गुरबाज के रूप में पहला झटका लगा जो पांच गेंदों पर एक छक्के की मदद से आठ रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद इब्राबिम जादरान भी एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। हांगकांग को शुरूआती सफलता आयुष शुक्ला ने दिलाई। रहमानुल्लाह ने सेदिकुल्लाह अटल के साथ मिलकर अच्छी शुरूआत दिलाने की कोशिश की, लेकिन खुद ज्यादा देर क्रीज पर नहीं टिक सके। इसके बाद अतीक इकबाल ने जादरान को विकेटकीपर जीशान अली के हाथों कैच कराया।

# गिल को कराया था बल्लेबाजी अभ्यास

## उन्हीं के सामने होगा यूएई का यह गेंदबाज : सुनाया किस्सा



**दुबई ।** भारत और यूएई की टीमें एशिया कप में बुधवार को आमने-सामने होंगी। दोनों टीमें इस मुकाबले से टूनार्मेंट में अपने अभियान की शुरूआत करेंगी। यूएई के बाएं हाथ के स्पिनर 35 वर्षीय सिमरनजीत सिंह के लिए भारत के खिलाफ किसी अन्य अंतरराष्ट्रीय मैच से अलग है। उन्होंने इस मुकाबले से पहले याद किया कि किस तरह एक समय उन्होंने मोहाली में पंजाब क्रिकेट संघ (पीसीए) के नेट्स पर शुभमन गिल को बल्लेबाजी अभ्यास कराया था।

साल के थे तबसे उन्हें जानता हूं सिमरनजीत ने मैच से पहले न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया, मैं शुभमन को तब से जानता हूं, जब वह बच्चा था लेकिन पता नहीं उसे मैं याद हूं या नहीं। यह 2011-12 की बात होगी जब शुभमन 11 या 12 साल का रहा होगा। हम मोहाली में पीसीए अकादमी पर सुबह छह से 11 बजे तक अभ्यास करते थे। शुभमन अपने पिता के साथ सुबह 11 बजे आता था। मैं अपने नेट सत्र के बाद काफी अतिरिक्त गेंदबाजी करता था। पता नहीं अब वह मुझे पहचानेगा या नहीं लेकिन उन दिनों मैंने उसे काफी गेंदबाजी की है।

यूएई के लिए कैसे खेलना किया शुरू सिमरनजीत ने अपने करियर की शुरूआत पंजाब डिसट्रिक्ट क्रिकेट से की थी और वह 2017 में रणजी ट्रॉफी के लिए संभावित खिलाड़ियों में शामिल थे। वह आईपीएल फ्रेंचाइजी किंग्स 11 पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के लिए नेट गेंदबाज भी रहे, लेकिन कोविड-19 महामारी ने उनका रास्ता मोड़ दिया। उन्होंने कहा, 'मैं अप्रैल 2021 में 20 दिनों के अभ्यास के लिए दुबई आया था, लेकिन भारत में कोरोना की दूसरी लहर के कारण वापस नहीं लौट सका और यहीं रह गया।' इससे वह यूएई के लिए खेलने के पात्र हो गए चूंकि घरेलू क्रिकेट में तीन और सत्र खेलने की जरूरत थी। उन्होंने पात्रता की शर्त पूरी करने के बाद मुख्य कोच लालचंद राजपूत से संपर्क करके ट्रायल लेने का अनुरोध किया।

कोच लालचंद राजपूत ने भी की प्रशंसा यूएई के कोच लालचंद राजपूत ने भी सिमरनजीत की काफी प्रशंसा की और उन्हें प्रतिभाशाली गेंदबाज बताया। उन्होंने कहा, 'टी20 क्रिकेट में बाएं हाथ के हर स्पिनर में गेंद को लगातार फ्लाइट देने की हिम्मत नहीं होती। सिमरन को पता है कि फ्लाइट से विकेट कैसे लिए जाते हैं।' पंजाब के इस गेंदबाज ने अब तक 12 टी20 मैचों में 15 विकेट लिए हैं। यह पूछने पर कि उनका परिवार भारत के खिलाफ मैच में किसका समर्थन करेगा, उन्होंने कहा, यह कठिन फैसला है।

# भारत के इस पूर्व कोच की नजर में दो खिलाड़ियों का लय में होना जरूरी, कभी भी मैच पलटने का रखते हैं दम

**भारतीय टीम के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण का मानना है कि आगामी एशिया कप में टीम इंडिया की सफलता काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगी कि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह कितनी जल्दी अपनी लय हासिल करते हैं और जसप्रीत बुमराह बिना आराम लिए कितने मैच खेलते हैं**




**दुबई ।** अरुण ने कहा कि भले ही अर्शदीप ने इंग्लैंड में अभ्यास सत्रों में पर्याप्त गेंदबाजी की हो, लेकिन वह लंबे समय से प्रतिस्पर्धी मैचों में गेंदबाजी से दूर रहे हैं। उन्होंने हालांकि हाल ही में उत्तर क्षेत्र की ओर से दलीप ट्रॉफी का एक मैच खेला था।

उन्होंने कहा, 'हम सभी जानते हैं कि अर्शदीप क्या कर सकते हैं। उन्होंने इंग्लैंड में बहुत गेंदबाजी की होगी, लेकिन मैच अभ्यास के मामले में वह थोड़े पीछे हैं। आप चाहे अभ्यास सत्र में कितनी भी गेंदबाजी करें, असली लय मैच से ही आती है। यह अर्शदीप के लिए बड़ी चुनौती है कि वह कितनी जल्दी अपनी लय पा सकें।'

बुमराह को सभी मैच खेलना चाहिए अरुण का मानना है कि बुमराह को तीन हफ्तों में छह टी20 मुकाबले खेलने से कोई दिक्कत नहीं होगी और उन्हें आराम की आवश्यकता भी नहीं है। उन्होंने कहा, 'मैं जसप्रीत को सभी मैचों में खेलते देखना चाहूंगा। लेकिन यह फैसला उनका है। मेरे हिसाब से इस टूनार्मेंट के फॉर्मेट को देखते हुए उन्हें किसी आराम की जरूरत नहीं है। हर्षित की तारीफ, लेकिन निरंतरता जरूरी भरत अरुण ने आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए तेज गेंदबाज हर्षित राणा का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने इस युवा पेसर की तारीफ की लेकिन साथ ही कहा कि उन्हें निरंतरता हासिल करनी होगी। अरुण ने कहा, 'हर्षित टी20 क्रिकेट में बहुत प्रभावशाली रहे हैं। वह स्लोअर गेंदों का शानदार इस्तेमाल करते हैं, यॉर्कर डालने में सक्षम हैं और नई गेंद से स्विंग भी करा सकते हैं। लेकिन उन्हें निरंतरता पर काम करने की जरूरत है।' कुलदीप यादव से उम्मीदें इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के दौरान अंतिम एकादश में जगह न बना पाने वाले कुलदीप यादव को लेकर अरुण आशावादी हैं। उन्होंने कहा, 'कुलदीप एक गेंदबाज के तौर पर बहुत बेहतर हो गए हैं। इंग्लैंड में उन्हें मौका नहीं मिला लेकिन उन्होंने निश्चित रूप से कड़ी मेहनत की होगी। उनके पास अनुभव भी है और टी20 प्रारूप में अच्छा रिकॉर्ड है। मुझे उम्मीद है कि एशिया कप में वह प्रभाव छोड़ेंगे।'

# एशिया कप का आज से आगाज




| रन | खिलाड़ी | स्ट्राइक रेट | खिलाफ | साल |
|---|---|---|---|---|
| 122* | विराट कोहली | 200.00 | अफगानिस्तान | 2022 |
| 122 | बाबर हयात | 203.33 | ओमान | 2016 |
| 84 | रहमानुल्लाह गुरबाज | 186.66 | श्रीलंका | 2022 |
| 83 | रोहित शर्मा | 150.90 | बांग्लादेश | 2016 |
| 80 | शब्बीर रहमान | 148.14 | श्रीलंका | 2016 |

**दुबई ।** एशिया कप टी20 टूनार्मेंट का आगाज आज से होने जा रहा है। 28 सितंबर तक टी20 प्रारूप में चलने वाले इस टूनार्मेंट का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे थे और यह इंतजार आज खत्म होने वाला है। खासतौर पर इंतजार भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले हाईवोल्टेज मुकाबले को लेकर है। टूनार्मेंट के शेड्यूल के मुताबिक, यह मैच 14 सितंबर को दुबई में होना है। हालांकि, अभी तक यह तय नहीं है कि भारतीय टीम यह मैच खेलेगी या नहीं।

वहीं, भारत अपना पहला मैच 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ खेलेगा। इस टूनार्मेंट के शुरू होने से पहले हम आपको इस टूनार्मेंट (टी20 प्रारूप) के कुछ बड़े रिकॉर्ड्स और स्टैट्स के बारे में बताने जा रहे हैं। इस टूनार्मेंट में अब तक कितने शतक लगे, किस-किस बल्लेबाज ने शतक लगाए, किसने सबसे ज्यादा रन बनाए और किसके नाम सबसे ज्यादा विकेट हैं...इत्यादि जैसे कई आंकड़ों के बारे में हम आपको बताएंगे... सबसे पहले आपको यह बता दें कि एशिया कप वनडे और टी20 दोनों प्रारूपों में खेला जाता है। अगले साल होने वाले आईसीसी के मेजर टूनार्मेंट को देखते हुए इसका प्रारूप तय किया जाता है। उदाहरण के तौर पर अगले साल टी20 विश्व कप खेला जाना है, इस वजह से इस साल एशिया कप टी20 प्रारूप में खेला जा रहा है। वहीं, 2023 में वनडे विश्व कप हुआ था। इस वजह से उस साल एशिया कप वनडे प्रारूप में खेला गया था।

1984 में इस टूनार्मेंट की शुरूआत हुई थी और तबसे लेकर 2014 तक यह टूनार्मेंट वनडे प्रारूप में ही खेला गया था। 2016 में पहली बार एशिया कप का आयोजन टी20 प्रारूप में हुआ था। फिर 2022 में दूसरी बार यह टूनार्मेंट टी20 फॉर्मेट में खेला गया। 2018 और 2023 में यह वनडे प्रारूप में खेला गया था। 2016 में भारत ने, जबकि 2022 में श्रीलंका ने एशिया कप टी20 अपने नाम किया था। वनडे और टी20, दोनों प्रारूपों को मिला दिया जाए, तो भारत कुल आठ बार चैंपियन बना है। इसके बाद श्रीलंका का नंबर आता है। यह टीम छह बार एशिया कप का खिताब जीत चुकी है।

# पाकिस्तान के खिलाफ आक्रामक रुख रखने पर अंकुश नहीं लगाएंगे सूर्यकुमार, बोले- इसके बिना काम नहीं चलेगा



**दुबई ।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि उनकी टीम एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में आक्रामकता को कम नहीं करेगी। भारत का इस बहु-राष्ट्रीय टूनार्मेंट में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से मुकाबला 14 सितंबर को दुबई में होगा। भारत इससे पहले अपने अभियान की शुरूआत बुधवार को यूएई के खिलाफ करेगा।

पाकिस्तानी कप्तान के आक्रमकता को लेकर उलट हैं विचार एशिया कप की आज से शुरूआत हो रही है और इससे पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में सूर्यकुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए मैदान पर आक्रमकता होना जरूरी है। हालांकि, पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा के विचार इसे लेकर उलट है और उनका कहना है कि उनकी ओर से टीम के सदस्यों को ऐसा कोई संदेश नहीं जाएगा। सूर्यकुमार से पूछा गया था कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच में क्या खिलाड़ी आक्रामकता कम करेंगे। इस पर सूर्यकुमार ने कहा, 'मैदान पर आक्रामकता हमेशा रहती है। अगर आपको जीतना है तो इसके बिना काम नहीं चल सकता। मैं आक्रामकता के साथ मैदान पर उतरने को लेकर उत्साहित हूं।' इसी सवाल पर पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने कहा, अगर कोई आक्रामक होना चाहता है तो यह उसका फैसला है। जहां तक मेरी टीम का सवाल है तो मैं कोई दिशा निर्देश किसी को नहीं देता।

भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का मुकाबला ऐसे समय हो रहा है जब दोनों टीमों के बीच रिश्ते काफी तनावपूर्ण चल रहे हैं। इस साल अप्रैल में पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था जिसमें 26 पर्यटक मारे गए थे, जिसके बाद भारत ने इसका बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर नाम से सैन्य अभियान चलाया था। एशिया कप की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सूर्यकुार और सलमान एक दूसरे के बगल में नहीं बैठे। सूर्यकुमार बोले- टीम अच्छी लय में है सूर्यकुमार ने कहा कि अच्छे अभ्यास सत्र के बाद उनकी टीम लय में है। उन्होंने कहा, 'हमने कुछ अच्छे अभ्यास सत्र किए। अच्छा लग रहा है। एशिया कप की सर्वश्रेष्ठ टीमों से खेलना अच्छी चुनौती होगी।' भारतीय के पूर्व खिलाड़ी लालचंद राजपूत यूएई टीम के कोच हैं और उनकी टीम भले ही कमजोर मानी जा रही हो लेकिन भारतीय कप्तान ने कहा कि वह मेजबान को हलके में नहीं लेंगे।

उन्होंने कहा, 'वे शानदार क्रिकेट खेल रहे हैं और हाल ही में त्रिकोणीय सीरीज में कुछ करीबी मुकाबले खेले हैं। उम्मीद है कि वे एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

# ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों की तिकड़ी में अभी काफी क्रिकेट बची है, आलोचना पर बोले हेजलवुड



**ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि आगामी एशेज श्रृंखला में उनकी, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की खतरनाक तेज गेंदबाजी तिकड़ी आखरी बार एक साथ खेलते हुए दिखेगी। उन्होंने कहा कि तीनों तेज गेंदबाजों में अभी काफी क्रिकेट बची हुई है और वह कम से कम दो साल और खेल सकते हैं**

**सिडनी ।** इन तीनों तेज गेंदबाजों की उम्र 35 वर्ष के आसपास है। कमिंस कमर में खिंचाव की चोट से जूझ रहे हैं तथा स्टार्क ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है जिसके कारण माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी इतिहास के एक युग का अंत निकट है। हेजलवुड खुद भी चोटों से जूझ रहे हैं लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि तीनों गेंदबाजों में से कोई भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहा है। एसईएन रेडियो ने हेजलवुड के हवाले से कहा, सूर्यकुमार बोले- टीम अच्छी लय में है सूर्यकुमार ने कहा कि अच्छे अभ्यास सत्र के बाद उनकी टीम लय में है। उन्होंने कहा, 'हमने कुछ अच्छे अभ्यास सत्र किए। अच्छा लग रहा है। एशिया कप की सर्वश्रेष्ठ टीमों से खेलना अच्छी चुनौती होगी।' भारतीय के पूर्व खिलाड़ी लालचंद राजपूत यूएई टीम के कोच हैं और उनकी टीम भले ही कमजोर मानी जा रही हो लेकिन भारतीय कप्तान ने कहा कि वह मेजबान को हलके में नहीं लेंगे। उन्होंने कहा, 'अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का एक और चक्र होना बाकी है। इसलिए केवल एशेज ही नहीं टेस्ट क्रिकेट में अगले दो साल में काफी रोमांचक मैच होने वाले हैं और मुझे लगता है कि हर कोई इनका हिस्सा बनना चाहता है। हमारे पास टेस्ट क्रिकेट को देने के लिए अभी काफी कुछ बचा है।'

# संभव में प्राप्त हुए 25 शिकायतें

## निगम अधिकारियों सहित नगर आयुक्त ने की जनसुनवाई

### समस्याओं के समाधान में विलंब न हो, अधिकारी बढ़ाएं मॉनिटरिंग : नगर आयुक्त






**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने सोमवार को संभव दिवस पर निगम अधिकारियों के साथ जनसुनवाई की। इस दौरान कुल 25 संदर्भ प्राप्त हुए, जिनमें जलकल व स्वास्थ्य विभाग से संबंधित शिकायतों पर विशेष रूप से तत्काल कार्यवाही कराई गई। अन्य विभागों से जुड़े मामलों पर संबंधित अधिकारियों को टीम बनाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

संभव दिवस में मिले संदर्भों में निर्माण विभाग से 4, स्वास्थ्य विभाग से 6, उद्यान विभाग से 1, प्रकाश विभाग से 3, संपत्ति विभाग से 2, टैक्स विभाग से 3, जलकल विभाग से 5 तथा अन्य विभाग से 1 संदर्भ शामिल रहा। सभी पर विभागीय अधिकारियों ने मौके पर ही कार्रवाई शुरू कर दी।

नगर आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि संभव दिवस पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी भी तरह की देरी न हो। विशेष रूप से स्वास्थ्य विभाग की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश को सफाई व्यवस्था और अधिक दुरुस्त करने तथा सुबह के निरीक्षण के दौरान वार्डों की आंतरिक गलियों की भी जांच करने को कहा गया।

नगर आयुक्त ने कहा कि गाज़ियाबाद नगर निगम लगातार जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दे रहा है। संभव दिवस के आयोजन से जनता की शिकायतें सीधे सामने आती हैं और इनका निस्तारण तेजी से होना चाहिए। अधिकारियों को मॉनिटरिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि जनता को त्वरित राहत मिल सके।

जनसुनवाई में संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, महाप्रबंधक जलकामाख्या प्रसाद आनंद, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश, प्रभारी संपत्ति पल्लवी सिंह सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन में आईजीआरएस पोर्टल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस लाइन्स गाजियाबाद स्थित परमजीत हॉल में आईजीआरएस पोर्टल के प्रभावी संचालन एवं शिकायतों के त्वरित निस्तारण को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण में जनपद के सभी थानों से नामित आईजीआरएस अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पोर्टल पर शिकायतों की प्रविष्टि, उनकी समयबद्ध मॉनिटरिंग, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण और शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

इसके साथ ही लंबित प्रकरणों के कारणों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य शिकायत निस्तारण प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी, सरल एवं प्रभावी बनाना रहा।




### अपनी ही सरकार है और अपनों से ही अपनों की तकरार है

जब चुनाव की बेला आई तो कोई डबल इंजन बनाने की सरकार बनाने के लिए डिब्बा बन गय। तो किसी ने अपने रिपोर्ट कार्ड का जिक्र नहीं किया और केवल योगी-मोदी ही किया। पब्लिक के लिए कहा जाता है कि ये सब जानती है। मगर अब पब्लिक को भी लग रहा होगा कि अगर वो कुछ भी जानती तो इतना बड़ा जनादेश नहीं देती। अपनी ही सरकार है और अपनों से ही तकरार है। फूल वाले मौहल्ला पार्षद बगल में मुस्लिम और दलित को लेकर इस मंत्री से लेकर उस मंत्री के दरवाजे घूम रहे हैं। अपनी ही सरकार में धरने दे रहे हैं। पार्षदों का गम ये है कि आवाज उठाते हैं तो सामुदायिक भवन से लेकर वार्ड के चाऊमीन वाले का ठेला तोड़ जाते हैं। आजादी के बाद ये पहला निजाम ऐसा आया है जिसमें विपक्ष वाले तो मजे की फील ले रहे हैं और सरकार वाले सजा जैसा फील कर रहे हैं। अपनी ही सरकार है और सीन ये है कि कोई मजार पर लड़ रहा है तो कोई बाजार पर लड़ रहा है। वैसे सुनी तो पहली सरकार में नहीं गई थी। याद करो जब कॉलेज से लेकर सभागार तक देवतुल्यों का यही हाहाकार था कि अजी कोई नहीं सुन रहा और पहली सरकार है जिसमें दरोगा सस्पेंड कराने के लिए विधायक और महानगर अध्यक्ष आधी रात तक थाने में डेरा डालते हैं। पटवारी सस्पेंड कराने के बाद पूरी भाजपा जश्न मानती है। बैकग्राउंड में गाना तो ये बज रहा है कि 'ये क्या हो रहा है भईया ये क्या हो रहा है....'।

### सुनो भाजपाई तुमसे ज्यादा अंदर का राज जानते हैं ये सिपाही

भाजपा के देवतुल्यों की दुर्गति अब किसी से छुपी नहीं है। उनसे बात करो तो उनका दर्द बाहर आ जाता है। बातों ही बातों में वरिष्ठ हो चुके भाजपाई ने उस देवतुल्य को समझाया जो कह रहा था कि वो बहुत कुछ जानता है। वरिष्ठ ने कहा कि सुना बेटा भाजपाई तुमसे ज्यादा तो अंदर की बात और राज ये पुलिस के सिपाही जानते हैं। उन्होंने बताया कि चलती कार में विधायक जी ने अफसर से क्या कहा और संगठन के बड़े पदाधिकारी ने उन्हें क्या कहा, इस बात को सिपाही से बेहतर कोई नहीं बता सकता। वो गनर है और ये समझो कि वो हर बात का इनर भी है। वरिष्ठ भाजपाई ने बताया कि तुम तो बेटा केवल डाक बंगले के द्वार तक रहोगे। लेकिन ये सिपाही हैं, ये कार में रहेंगे। ये सरकार में रहेंगे। ये प्यार में रहेंगे, ये तकरार में रहेंगे और तुम्हारे नेता जी की फीत कबूतरी और नेता जी के स्टॉर पर लगे ये राज सिपाहियों के सीने में दफन हैं।

### उस्ताद की गद्दी पर नशीन हो गई थियेटर वाली मैडम किसके कहने पर

रामलीला कितने साल पुरानी है, इस पर फिर चर्चा होगी। लेकिन चर्चा अब बाजारों से लेकर सियासत के दरबारों तक हो रही है। चर्चा ये है कि परमपराओं वाली रामलीला में ऐसा कौन आ गया है जो परमपराओं को नस्तेनाबूद करने पर लग गया है। कभी शहर में राम जी का डोला निकलता था तो इस पर विधिवत रूप से रामलीला के सबसे वरिष्ठ पदधारी उस्ताद विराजमान होते थे। उस्ताद के साथ स्वरूप मंत्री होते थे और ये परम्परा प्रभु का सम्मान और रामलीला का एक प्रतिमान भी रही है। लेकिन रामलीला के सबसे वरिष्ठ पदधारक उस्ताद को कब और किसने राम के डोले से उतार दिया, ये पता ही नहीं चला और सितम तो ये हुआ कि अपने बुजुर्ग को राम के डोले से उतारने वालों ने दिल्ली से आकर नाटक करने वाली मैडम को राम के डोले पर विराजमान कर दिया। ये बुजुर्गों का अपमान है या किसी नए शौक का सम्मान है ये तो रामलीला वाले बेहतर जाने। लेकिन कोई भी सभ्यता, कोई भी संस्कृति अपने बड़े बुजुर्गों के सम्मान को लेकर चलती है। क्योंकि परम्पराओं का सम्मान ही आपको कीर्ति दिलवाता है।

# नगर निगम वसुंधरा सेक्टर 1 से बुद्ध चौक तक विकसित हो रही ग्रीन बेल्ट एरिया, पौधारोपण संग होगा यह काम





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा में हरियाली को बढ़ावा के उद्देश्य से नगर निगम ने वसुंधरा सेक्टर 1 से बुद्ध चौक तक की ग्रीन बेल्ट को पोधे लगाकर विकसित किया जा रहा है। नगर निगम की योजना के तहत वसुंधरा से सभी सेक्टरों सहित सभी की ग्रीन बेल्ट में पौधों की नियमित सिंचाई के लिए मुख्य पानी की व्यवस्था की जा रही है। वसुंधरा में हरियाली को बढ़ावा के उद्देश्य से नगर निगम ने वसुंधरा के सेक्टरों में ग्रीन बेल्ट (हरित क्षेत्र) विकसित करने की योजना तैयार की है। योजना के तहत सेक्टर-1, 4, 5 सहित सभी की ग्रीन बेल्ट में पौधों की नियमित सिंचाई के लिए मुख्य पानी की लाइन के साथ रबड़ हॉजपाइप बिछाए जाएंगे। जिसके कारण अनेक पौधे सूख जाते हैं, जिससे लाखों रुपये खर्च करने के बावजूद हरियाली नहीं बढ़ती। पार्षद सतेंदर चौधरी ने कहा कि पौधरोपण साथ नियमित देखभाल और सिंचाई होने से प्रदूषण स्तर में सुधार होगा, जिससे लोगों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है।



### लंबे समय तक ग्रीन बेल्ट में हरियाली बनी रहेगी

**करंट क्राइम।** गर्मियों में जब पौधों को पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, उस समय उनके सूखने की दर काफी अधिक देखी गई। अब सिंचाई के इस नए इंतजाम से पौधे लंबे समय तक जीवित और सुरक्षित रह सकेंगे और ग्रीन बेल्ट में हरियाली बनी रहेगी। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि यह पहल केवल ग्रीन बेल्ट की सुंदरता के लिए नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य शहर के पर्यावरण संतुलन को बेहतर बनाना भी है। शहर के तापमान को नियंत्रित रखने, वायु प्रदूषण को कम करने और लोगों को शुद्ध वातावरण देने के लिए हरियाली बेहद जरूरी है। यह पहल केवल ग्रीन बेल्ट की सुंदरता के लिए नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य शहर के पर्यावरण संतुलन को बेहतर बनाना भी है। शहर के तापमान को नियंत्रित रखने, वायु प्रदूषण को कम करने और लोगों को शुद्ध वातावरण देने के लिए हरियाली बेहद जरूरी है।

# इंदिरापुरम थाने में 27 वाहनों की नीलामी 2.06 लाख में छोड़े गए वाहन





**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाज़ियाबाद के थाना इंदिरापुरम में मंगलवार को जब्त वाहनों की नीलामी की गई। नीलामी समिति की अध्यक्षता सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने की, जिसमें सदस्य के रूप में सहायक परिवहन अधिकारी (प्राविधिक), प्रभारी निरीक्षक थाना इंदिरापुरम और मालखाना मोहर्रिर रणवीर सिंह मौजूद रहे।

नीलामी में कुल 27 वाहन शामिल थे, जिनमें 21 मोटरसाइकिल, 03 तीन पहिया और 03 चार पहिया वाहन रहे। व्यापक प्रचार-प्रसार के बाद 27 बोलीदाताओं ने नीलामी में हिस्सा लिया। वाहनों का न्यूनतम मूल्यांकन 1,70,500/- निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष अधिकतम बोली 2,06,000/- लगाई गई। सबसे ऊँची बोली लगाने वाले बोलीदाता को वाहन नीलामी में सौंप दिए गए।

# डीजीपी का सख्त निर्देश: डेढ़ महीने में सुधरे गाजियाबाद की ट्रैफिक व्यवस्था





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने मंगलवार को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान साफ कहा कि गाजियाबाद दिल्ली-एनसीआर का प्रमुख शहर है, यहां की छवि पूरे प्रदेश पर असर डालती है। ऐसे में ट्रैफिक जाम और सड़क हादसों की समस्या पर तत्काल और ठोस कदम उठाने होंगे। आने वाले डेढ़ महीने में जनता को साफ दिखाई देना चाहिए कि ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हुआ है। सुधार नहीं दिखा तो जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जनता के साथ किया जाए बेहतर व्यवहार

**करंट क्राइम :** बैठक में डीजीपी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यातायात संचालन में व्यवहारिक सुधार जरूरी है। पुलिसकर्मी आम नागरिकों के साथ संवेदनशील और सहयोगी रवैया अपनाएं। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों में कमी लाना और मृत्यु दर घटाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसके लिए पैदल यात्री, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### गाजियाबाद पुलिस ने दिखाई अपनी प्रगति रिपोर्ट

**करंट क्राइम :** अधिकारियों ने बैठक में बताया कि गाजियाबाद में ट्रैफिक को लेकर ठोस कदम उठाए गए हैं। तीनों ट्रैफिक जोन में एक-एक एसीपी की तैनाती की गई है, ट्रैफिक निरीक्षकों की संख्या बढ़ाई गई है और जाम प्वाइंट्स पर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी को सघन बनाया गया है। नेशनल हाईवे पर हादसों की रोकथाम के लिए पुलिस विभाग नेशनल हाईवे अथॉरिटी और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर विशेष प्लान पर काम कर रहा है। लक्ष्य यह है कि सड़क हादसों में मृत्यु दर को कम किया जा सके और गाजियाबाद मॉडल के रूप में सामने आए। डीजीपी ने अधिकारियों को चेतावनी भी दी कि अगर तय समय सीमा में अपेक्षित

# शिक्षक दिवस पर सुमन दीक्षित सम्मानित



**गाज़ियाबाद करंट क्राइम।** नेहरू नगर सेकंड ए ब्लॉक, वार्ड संख्या 96 में शिक्षक दिवस के अवसर पर विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के पार्षद अजीत निगम, आरडब्ल्यूए चेयरमैन रूपिंदर पाल सिंह जुनेजा तथा समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति में श्रीमती सुमन दीक्षित को बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण की नींव रखते हैं और उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सुमन दीक्षित को बधाई देते हुए उन्हें विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत बताया।




### कभी थे इलाके में चौकी पर, अब मिला थाने का प्रभार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बड़ी सख्या में थ्री-स्टार हैं। कब किस पर कृपा हो जाए कहा नहीं जा सकता है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के देहात वाले थाने के थानाध्यक्ष रहे, प्रमोशन पाने वाले थ्री- स्टार को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नया गिफ्ट मिला है। कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि सिटी जोन के कोतवाली थाना खाली होने के बाद वहां जो नई तैनाती हुई है, इसमें भी ट्विस्ट आ गया है। पुलिस के ही सूत्रों ने जानकारी दी है कि यहां अब जो वर्तमान वाले थ्री- स्टार आए हैं, वो कभी इसी थाने की एक खास इलाके वाली चौकी के टू- स्टार रहे हैं। नए कोतवाल की घोषणा होने के बाद उनका नाम जब से आया है, कई इलाके वाले पुराने उनके खास अलर्ट हो गए हैं। बताया जा रहा है कि जिस तरीके से सिटी वाली कोतवाली में थ्री- स्टार को तैनात किया गया है, उसकी भी चर्चा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र यह जानकारी दे रहे हैं कि कमिश्नरेट वाले सिस्टम में नंबर दो वाले अधिकारी ने अपना कार्यकाल शुरू कर दिया है। अब धीरे-धीरे अपनी वर्किंग को बढ़ा रहे हैं। तो एक साहब अब धीरे-धीरे फ्रेम से थोड़ा आउट हो सकतें हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते दिनों एक आईपीएस अधिकारी के प्रमोशन के बाद अब उनकी यहां से रवानगी कभी भी हो सकती है। पर देखना होगा कि बीती दो लिस्ट ऐसी आई हैं, जिसमें एक के बाद एक गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट से रवानगी तो हो रही है, पर आमद किसी की नहीं हो रही है। इसका अंदाजा यह लगाया जा रहा है कि कहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में गजेटेड अधिकारियों की संख्या तो अधिक नहीं हो गई है। कुल मिलाकर देखना होगा कि इलाके में कभी चौकी वाले टू- स्टार रहे थ्री- स्टार सिटी वाली कोतवाली में क्या रंग जमा पाते हैं। वैसे कहा जा रहा है की इस तैनाती में कास्ट वाले फैक्टर का भी भरपूर ध्यान साहब लोगों की ओर से दिया गया है। वहीं सुनने में आ रहा है कि उनके इलाके के कई चौकी वाले प्रसन्न नजर आ रहे हैं।



# नन्दग्राम पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर को 6 माह के लिए जिला बदर किया

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की नन्दग्राम थाना पुलिस ने अपराध पर अंकुश लगाने की कार्यवाही के तहत कुख्यात हिस्ट्रीशीटर वांश शारदा पुत्र नीरज शारदा निवासी मकान संख्या 271, गली संख्या 9, नूरनगर थाना नन्दग्राम को जिला बदर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार आरोपी वांश शारदा के विरुद्ध थाना नन्दग्राम में चोरी के 04 व बरामदगी का 01 मुकदमा दर्ज है। लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने के चलते थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ गुंडा नियंत्रण अधिनियम-1970 की धारा 2/3 के तहत रिपोर्ट तैयार कर न्यायालय में प्रेषित की थी। जिस पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, गाजियाबाद ने सुनवाई के बाद आरोपी को 6 माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश पारित किया।



आदेश का पालन करते हुए मंगलवार को थाना नन्दग्राम पुलिस टीम ने ढोल-नगाड़ों के साथ मुनादी कराते हुए आरोपी वांश शारदा को गाजियाबाद की सीमा से बाहर भेज दिया। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि आरोपी आदेश की अवधि के दौरान जिले में कहीं दिखाई देता है तो तत्काल थाना नन्दग्राम पुलिस को सूचित करें।

# कविनगर पुलिस ने शास्त्री नगर चौकी क्षेत्र में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

## सड़क किनारे ठेली-पटरी वालों को पीली लाइन से बताई सीमा, अवैध पार्किंग करने वालों को भी मिली चेतावनी

**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** कवि नगर थाना प्रभारी निरीक्षक अनुराग शर्मा के नेतृत्व में मंगलवार को शास्त्री नगर चौकी क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस बल ने शास्त्री नगर चौराहे से कार्टे चौक तक कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे लगे ठेले, पटरी और अवैध रूप से खड़े वाहनों को हटवाया।

**पीली लाइन खींचकर तय की गई सीमा :** अभियान के दौरान पुलिस ने सड़क किनारे पीली पट्टी खींचकर स्पष्ट कर दिया कि इस सीमा के भीतर अब किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ठेला, दुकान, वाहन या किसी भी प्रकार का कब्जा इस लाइन के भीतर पाया गया तो संबंधित के खिलाफ जुमार्ना और कानूनी कार्रवाई दोनों की जाएगी।

**पुलिस बल की मौजूदगी और सख्ती का संदेश :** इस कार्रवाई में शास्त्री नगर चौकी प्रभारी विकास पोसवाल सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा। पूरे अभियान के दौरान पुलिस कर्मियों ने स्थानीय दुकानदारों और राहगीरों को समझाते हुए कहा कि अतिक्रमण से न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ती है।

**थाना प्रभारी कवि नगर ने जनता से किया अनुरोध:** थाना कवि नगर प्रभारी अनुराग शर्मा ने कहा, ह्लसड़क जनता की है, किसी व्यक्ति या व्यापारी की नहीं। अतिक्रमण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। नियम तोड़ने पर जुमार्ना और कानूनी कार्रवाई दोनों की जाएंगी।



**स्थानीय लोगों ने की पहल की सराहना:** स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया। लोगों का कहना था कि लंबे समय से शास्त्री नगर क्षेत्र में सड़क पर ठेले-पटरी और अवैध पार्किंग के कारण जाम की समस्या बनी रहती थी। अभियान से अब यातायात व्यवस्था सुचारू होगी और आमजन को राहत मिलेगी।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वरिष्ठ भाजपा नेता तथा उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एसपी सिंह का अपना ही एक अलग अंदाज है। वह बातों को दिल पर नहीं ले रहे हैं और सारे गिले भुलाने के लिए चाय पीने की सलाह दे रहे हैं। एक खुशनुमा अंदाज में सरदार एसपी सिंह की यह पोस्ट बनी है करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# नेपाल में बिगड़ते हालातों के बीच हुई सेना की एंट्री लोगों से की शांति बनाए रखने की अपील

**काठमांडू ।** आर्मी ने प्रदर्शनकारियों से राष्ट्रीय धरोहरों, सांस्कृतिक स्थलों और नागरिक संपत्तियों को नुकसान न पहुंचाने की गुजारिश की।

नेपाल में प्रदर्शन हिंसक होता जा रहा है। सोमवार और मंगलवार को उग्र भीड़ ने संसद, सिंह दरबार परिसर, सुप्रीम कोर्ट, राजनीतिक दलों के कार्यालय और वरिष्ठ नेताओं के घरों में आगजनी की। हालात इतने बिगड़े कि सुरक्षा बलों को भारी संख्या में तैनात करना पड़ा। सेना की चेतावनी और जिम्मेदारी नेपाल आर्मी ने बयान जारी कर कहा कि यह हर नेपाली नागरिक का कर्तव्य है कि वह देश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय संपत्तियों की रक्षा करे। सेना ने यह भी जोड़ा कि वह हर हाल में नागरिकों की सुरक्षा और जीवन की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रपति पौडेल की



शांति और संवाद की अपील नेपाल में आंदोलन के चलते हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। सोमवार को पुलिस कार्रवाई में 19 लोगों की मौत के बाद मंगलवार को प्रदर्शन और उग्र हो गए। सैकड़ों प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के दफ्तर में घुस गए, जिसके बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया। इस्तीफे के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने सरकारी दफ्तरों, यहां तक कि राष्ट्रपति कार्यालय को भी नुकसान पहुंचाया और आगजनी की।

इस बीच, राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने सभी दलों और

**नेपाल में आंदोलन की आड़ में बढ़ती हिंसा और तोड़फोड़ के बीच नेपाल आर्मी ने देशवासियों से शांति बनाए रखने की अपील की है। सेना ने साफ किया कि वह देश की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा के लिए हर कदम उठाएगी**

आंदोलनकारियों से संयम बरतने और संवाद के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश कठिन दौर से गुजर रहा है और लोकतंत्र व जनता की रक्षा के लिए सभी पक्षों का सहयोग जरूरी है। राष्ट्रपति ने जोर दिया कि मौजूदा गतिरोध को बातचीत और सहयोग से ही खत्म किया जा सकता है, ताकि नेपाल शांति और स्थिरता की ओर बढ़ सके। ओली का इस्तीफा और राजनीतिक संकट नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यह फैसला तब लिया गया जब प्रदर्शनकारी उनके दफ्तर में घुस गए और इस्तीफे की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। सोमवार को पुलिस कार्रवाई में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद गुस्सा और भड़क गया।

# उत्तर-पूर्वी लेबनान में इस्राइल का हमला पांच लोगों की मौत

**इस्राइल।** इस्राइल ने सोमवार को लेबनान के उत्तर-पूर्वी इलाकों पर हवाई हमले किए, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई। मारे गए लोगों में चार हिज्बुल्लाह के सदस्य बताए जा रहे हैं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, ये हमले हर्मेल और बेका प्रांत के बाहरी इलाकों में हुए, जिनमें पांच लोग घायल भी हुए हैं।

बता दें कि यह हमला ऐसे समय हुआ है जब हिज्बुल्लाह को निशस्त्र करने की अंतरराष्ट्रीय मांगें तेज हो रही हैं। नवंबर में अमेरिका की मध्यस्थता से हुए संघर्षविराम के बाद से इस्राइल लगभग रोजाना दक्षिणी लेबनान में हमले कर रहा है। हालांकि, उत्तरी और सीरिया से सटे लेबनान में हमला बेहद दुर्लभ माना जा रहा है।

## इस्साइली सेना ने जारी किया बयान

मामले में इस्राइली सेना के प्रवक्ता अविचाय अद्रई ने बताया कि हिज्बुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिनमें रदवान फोर्सेस की ट्रेनिंग साइट भी शामिल थी। वहीं



हिज्बुल्लाह की ओर से कहा गया है कि नवंबर के बाद से उसने इस्राइल पर कोई हमला नहीं किया है। संगठन का कहना है कि वह लितानी नदी के दक्षिण में अब सैन्य रूप से मौजूद नहीं है। जो पिछले मॉडलों से कहीं ज्यादा शक्तिशाली है। मामले में उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए के मुताबिक, यह इस इंजन का नौवां और अंतिम ग्राउंड टेस्ट था। इसे कार्बन फाइबर से बनाया गया है और इसका इस्तेमाल भविष्य के मिसाइल सिस्टम जैसे ह्वासोंग-20 में किया जाएगा। ये नया इंजन ठोस ईंधन से चलता है, जिसे छिपाना और तुरंत लॉन्च करना आसान होता है, जबकि पुराने मिसाइलें तरल ईंधन पर आधारित थीं, जिन्हें तैयार करने में ज्यादा वक्त लगता था।ऐसे में वह तब तक अपने हथियार नहीं छोड़ेगा जब तक इस्राइल हमले बंद नहीं करता और जिन पांच ऊंचाई वाले इलाकों पर उसने कब्जा किया है।

# उत्तर कोरिया में नए आईसीबीएम रॉकेट इंजन का परीक्षण, किम जोंग उन भी रहे मौजूद



**सियोल ।** दुनियाभर के कई देशों मे चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बीच उत्तर कोरिया से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक नए इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) इंजन के परीक्षण का निरीक्षण किया। यह इंजन ठोस ईंधन से चलता है और 1,971 किलोन्यूटन की ताकत पैदा करता है, जो पिछले मॉडलों से कहीं ज्यादा शक्तिशाली है। मामले में उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए के मुताबिक, यह इस इंजन का नौवां और अंतिम ग्राउंड टेस्ट था। इसे कार्बन फाइबर से बनाया गया है और इसका इस्तेमाल भविष्य के मिसाइल सिस्टम जैसे ह्वासोंग-20 में किया जाएगा। ये नया इंजन ठोस ईंधन से चलता है, जिसे छिपाना और तुरंत लॉन्च करना आसान होता है, जबकि पुराने मिसाइलें तरल ईंधन पर आधारित थीं, जिन्हें तैयार करने में ज्यादा वक्त लगता था। ऐसे में इस नए इंजन उत्तर कोरिया की मिसाइल तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमता में तेजी आएगी। अमेरिका को सिधी चुनौती कुल मिलाकर उत्तर कोरिया पहले ही ऐसी मिसाइलें टेस्ट कर चुका है जो अमेरिका तक पहुंच सकती हैं, लेकिन अब किम मल्टी-वारहेड सिस्टम बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, जिससे मिसाइल डिफेंस सिस्टम को चकमा देना आसान होगा। परीक्षण के बाद किम जोंग उन ने इसे आंखें खोल देने वाली प्रगति बताया। साथ ही कहा कि यह उत्तर कोरिया की परमाणु ताकत को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव है। किम कई बार कर चुके हैं परीक्षण बता दें कि 2019 में अमेरिका के साथ परमाणु वार्ता विफल होने के बाद से किम ने बार-बार मिसाइल परीक्षण कर अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन किया है।

# रूस ने पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर ग्लाइड बम से किया भीषण हमला, कम से कम 21 लोगों की मौत

**कीव ।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मंगलवार को पेंशन वितरण के दौरान पूर्वी यूक्रेन के एक गाँव पर रूसी ग्लाइड बम गिरा, जिसमें 20 से ज्यादा नागरिक मारे गए। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि बम डोनेट्स्क क्षेत्र के यारोवा गांव में गिरा। उन्होंने हमले को बहुत ही क्रूर बताया है। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वे रूस पर अतिरिक्त प्रतिबंधों के जरिए उसके आक्रमण की आर्थिक कीमत चुकाएं।

जेलेंस्की ने लिखा, दुनिया को चुप नहीं रहना चाहिए। दुनिया को निष्क्रिय नहीं रहना चाहिए। अमेरिका को प्रतिक्रिया की जरूरत है। यूरोप को प्रतिक्रिया की जरूरत है। जी-20 को प्रतिक्रिया की जरूरत है। रूस को मौत



का तांडव मचाना बंद करने के लिए कड़ी कार्रवाई की जरूरत है।

हाल के महीनों में अमेरिका के शांति प्रयासों में कोई प्रगति नहीं होने के कारण रूस ने यूक्रेन पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। रविवार को रूस ने राजधानी कीव पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। जो 24 फरवरी, 2022 को युद्ध शुरू होने के बाद से अब तक का सबसे बड़ा हवाई हमला

**अलास्का में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई वार्ता के बाद रूस की ओर से यूक्रेन पर एक के बाद एक भीषण हमले किए जा रहे है। मंगलवार को रूस द्वारा पूर्वी यूक्रेन के एक गांव पर ग्लाइड बम से किए गए हमले में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई है**

था। ग्लाइड बम सोवियत दौर के हैं। जिन्होंने यूक्रेन में जमकर तबाही मचाई है। इनमें से कुछ का वजन अब 3,000 पाउंड (1,360 किलोग्राम) हैं।

डोनेट्स्क के गवर्नर वादिम फिलाश्किन ने कहा कि इस हमले में 21 लोग मारे गए और 21 अन्य घायल हुए। यह हमला पेंशन पाने के लिए इंतजार कर रहे बुजुर्गों की कतार पर हुआ। उन्होंने लिखा, यह युद्ध नहीं है। यह शुद्ध आतंकवाद है। उन्होंने कहा कि आपातकालीन प्रतिक्रिया दल घटनास्थल पर मौजूद थे।

# अफगानिस्तान में भीषण भूकंप से 49 गांवों में 5230 घर तबाह

## 362 गांवों तक नहीं पहुंच सकी यूएन की मदद

**न्यूयॉर्क ।** अफगानिस्तान के पहाड़ी इलाकों में हाल ही में आए विनाशकारी भूकंप ने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की शुरूआती रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक 49 गांवों में 5230 घर पूरी तरह नष्ट हो चुके हैं और 672 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं। लेकिन 441 प्रभावित गांवों में से 362 गांवों तक अभी तक राहत और बचाव टीमें पहुंच ही नहीं पाई हैं।

31 अगस्त को आया था विनाशकारी भूकंप बता दें कि, यह भूकंप 31 अगस्त को आया था, जिसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.0 मापी गई। अब तक कम से कम 2,200 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जैसे-जैसे मलबे से शव निकाले जाएंगे, मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि इस आपदा से लगभग पांच लाख लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें आधे से अधिक






बच्चे हैं। इनमें कई ऐसे शरणार्थी भी शामिल हैं जिन्हें हाल ही में पाकिस्तान और ईरान से जबरन वापस भेजा गया था।

राहत कार्य में बड़ी मुश्किलें यूएन की अफगानिस्तान स्थित मानवीय सहायता प्रमुख शैनन ओ'हारा ने बताया कि पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण राहत टीमों के लिए प्रभावित गांवों तक पहुंचना बेहद कठिन हो गया है। उन्होंने कहा कि जलगांवाबाद शहर से भूकंप के सबसे ज्यादा प्रभावित इलाके तक पहुंचने में उन्हें साढ़े छह घंटे का समय लगा, जबकि यह दूरी केवल 100 किमी है। रास्ता एक संकरी पहाड़ी सड़क है, जो कई जगहों पर भूस्खलन से गिरे बड़े पत्थरों से बंद हो चुकी है। इसी रास्ते से ही मानवीय सहायता से लदे ट्रक भी ऊपर-नीचे जा रहे हैं, जिससे जाम की स्थिति पैदा हो रही है पैदल लौट रहे हैं घायल और भूकंप पीड़ित ओ'हारा ने बताया, 'जब हम भूकंप के केंद्र की ओर जा रहे थे, तभी हमें कई परिवार पैदल लौटते मिले। वे केवल वही सामान ले जा पा रहे थे, जो अपने हाथों में उठा सकते थे। कई लोग उसी रात के कपड़ों में थे, जब भूकंप आया था। मां-पिता अपने घायल बच्चों को गोद में लिए हुए थीं, जिनके शरीर पर ताजे पट्टे बंधे थे।'

पूरे गांव मिट गए, लाशों की बदबू फैली जैसे-जैसे राहत टीम केंद्र की तरफ बढ़ी, तबाही का मंजर और भयावह होता गया। कई गांव पूरी तरह मिट्टी में दब गए हैं। जगह-जगह मरे हुए जानवरों की सड़ती लाशों की बदबू फैली हुई है। जिन परिवारों के घर तबाह हो गए, वे भीड़भाड़ वाले टेंटों में रह रहे हैं, जबकि कई लोग खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं। बारिश और ठंडी हवाएं उनकी परेशानी और बढ़ा रही हैं।

ओ'हारा ने चेतावनी दी कि स्थिति बेहद नाजुक है। पीने के लिए साफ



पानी उपलब्ध नहीं है। स्वच्छता की कोई व्यवस्था नहीं है। शुरूआती आंकड़े बताते हैं कि 92% गांव खुले में शौच करते हैं। इस क्षेत्र में पहले से ही हैजा बीमारी आम है। ऐसे में महामारी फैलने का खतरा बहुत ज्यादा है। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को तुरंत साफ पानी, भोजन, टेंट, शौचालय और गर्म कपड़े चाहिए। सर्दियों की पहली बर्फबारी अक्तूबर के आखिर में शुरू हो जाएगी, जिसके बाद इन गांवों तक पहुंचना लगभग असंभव हो जाएगा। आगे बढ़ सकती है और परेशानी ओ'हारा ने कहा, 'अगर अभी तुरंत कदम नहीं उठाए गए, तो बरसात के कारण फ्लैश फ्लड आ सकते हैं, जो शिविरों को बहा ले जाएंगे।

लगातार आफ्टरशॉक्स से भूस्खलन हो सकता है, जिससे राहत मार्ग पूरी तरह बंद हो जाएंगे। और अगर बर्फबारी शुरू हो गई।

# नॉर्वे में कड़े मुकाबले में जीती लेबर पार्टी, चार साल और सरकार का नेतृत्व करेंगे पीएम जोनास स्टोरे

**ओस्ले ।** नॉर्वे के आम चुनाव में बेहद कड़ा रहा मुकाबला नॉर्वे में भी दक्षिणपंथी राजनीति का उभार हो रहा है और आम चुनाव के दौरान मतदाताओं के रुझान ने भी बता दिया कि नॉर्वे में भी आने वाले समय में दक्षिणपंथी पार्टियां सत्ता पर काबिज हो सकती हैं। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोरे अगले चार साल और देश का नेतृत्व करेंगे। लेबर पार्टी की जीत का अंतर महज 2.5 प्रतिशत रहा। लेबर पार्टी को 28 प्रतिशत वोट मिले और सेंटर लेफ्ट पार्टी ने लेबर पार्टी को समर्थन दिया है। 169 सदस्यीय नॉर्वे की संसद में लेबर पार्टी के नेतृत्व वाले गठबंधन को कुल 88 सीटों पर जीत मिली है।

अप्रवासन विरोधी पार्टी की लोकप्रियता में आया उछाल अप्रवासन विरोधी एंटी इमीग्रेशन प्रोग्रेस पार्टी को रिकॉर्ड 24 प्रतिशत



मत मिले हैं। कंजर्वेटिव पार्टी को सिर्फ 15 प्रतिशत मत मिले हैं राहत कार्य में बड़ी मुश्किलें यूएन की अफगानिस्तान स्थित मानवीय सहायता प्रमुख शैनन ओ'हारा ने बताया कि पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण राहत टीमों के लिए प्रभावित गांवों तक पहुंचना बेहद कठिन हो गया है। उन्होंने कहा कि जलगांवाबाद शहर से भूकंप के सबसे ज्यादा प्रभावित इलाके तक पहुंचने में उन्हें साढ़े छह घंटे का समय लगा, जबकि यह दूरी केवल 100 किमी है। रास्ता एक संकरी पहाड़ी सड़क है, जो कई जगहों पर भूस्खलन से गिरे बड़े पत्थरों से बंद हो चुकी है। इसी रास्ते से ही मानवीय

**नॉर्वे के आम चुनाव के नतीजे आ चुके हैं और सत्ताधारी लेबर पार्टी ने एक बार फिर जीत हासिल की है। हालांकि लेबर पार्टी को बेहद कड़े मुकाबले में जीत हासिल हुई। नॉर्वे के प्रधानमंत्री और लेबर पार्टी के नेता जोनास गार स्टोरे ने जीत का एलान किया। लेबर पार्टी ने टैक्स और जनकल्याणकारी नीतियों का डर दिखाकर मतदाताओं को अपने पक्ष में किया जिसका उसे फायदा हुआ**

सहायता से लदे ट्रक भी ऊपर-नीचे जा रहे हैं, जिससे जाम की स्थिति पैदा हो रही है।पैदल लौट रहे हैं घायल और भूकंप पीड़ित ओ'हारा ने बताया, 'जब हम भूकंप के केंद्र की ओर जा रहे थे, तभी हमें कई परिवार पैदल लौटते मिले। और यह पार्टी का बीते दो दशकों में सबसे खराब प्रदर्शन है। नॉर्वे के आम चुनाव में अप्रवासन, टैक्स और जनकल्याणकारी नीतियां प्रमुख मुद्दे रहे। हालांकि रूस-यूक्रेन युद्ध और अमेरिका की टैरिफ नीतियों के बीच मौजूदा सरकार के ही सत्ता में बने रहना नॉर्वे में हित में जा सकता है।

# कांगो में खूनी हमला: विद्रोही हमले में कम से कम 60 लोगों की मौत

## पहले एक पास इकट्ठा फिर उतार दिया मौत के घाट

**गोमा ।** कांगो के पूर्वी हिस्से में इस्लामिक स्टेट से जुड़े विद्रोही गुट ने सोमवार रात भीषण हमला किया, जिसमें कम से कम 60 लोगों की जान चली गई। यह हमला नॉर्थ किवू प्रांत के नटोयो गांव में तब हुआ जब ग्रामीण एक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए इकट्ठा हुए थे।

हमले के बारे में स्थानीय प्रशासक कर्नल एलेन किवेवा ने जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमला एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्स ने किया था। उन्होंने बेहद क्रूरता से 60 लोगों की हत्या कर दी। हालांकि मरने वालों का सटीक आंकड़ा अभी तक सामने नहीं है।

वही, हमले के दौरान बचे एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि करीब 10 हमलावर थे। उनके




पास लंबी धारदार चाकू थीं। हमले के दौरान पहले उन्होंने सबको एक जगह इकट्ठा होने के लिए मजबूर किया और फिर मारना शुरू कर दिया। लोग चीख रहे थे।

गौरतलब है कि पूर्वी कांगो लंबे समय से उग्रवादी हमलों से जूझ रहा है। एडीएफ इस ताजा नरसंहार ने एक बार फिर इस इलाके में सुरक्षा की गंभीर चुनौतियों को उजागर कर दिया।

# एसी और फ्रिज लॉन्च करके समरकूल बन गया इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादो की दुनिया में सुपरकूल

## अजय देवगन और सैफ अली खान के नए विज्ञापन वीडियो ने बढ़ाई ब्रांड की चमक, प्रतिस्पर्धियों के लिए बनी कड़ी चुनौती










**दिल्ली करंट क्राइम।** समरकूल ग्रुप ने सोमवार को आयोजित अपनी वार्षिक अवार्ड सेरेमनी में एक बार फिर साबित कर दिया कि वह देश के एयर कूलर और इलेक्ट्रॉनिक्स मार्केट में सबसे अलग है। राजधानी दिल्ली के एक प्रतिष्ठित होटल में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में कंपनी ने अपने नए एसी और फ्रिज की लॉन्चिंग की, जिसे देखकर उपस्थित सैकड़ों डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स ने जोरदार तालियों से स्वागत किया।

कार्यक्रम की शुरूआत चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता और मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव गुप्ता ने दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ की। रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच जैसे ही रिमोट बटन दबाकर नए प्रॉडक्ट्स लॉन्च हुए, पूरा हॉल सुपरकूल के नारे से गूंज उठा।

### स्टार पावर से ब्रांड को नई पहचान

**करंट क्राइम।** समारोह के दौरान अजय देवगन का नया विज्ञापन वीडियो प्रस्तुत किया गया, वहीं थमोर्कूल ब्रांड के लिए बॉलीवुड के नवाब सैफ अली खान का एड फिल्म भी लॉन्च किया गया। इन दोनों सितारों की मौजूदगी ने ब्रांड की लोकप्रियता को नई ऊँचाइयों तक पहुंचाने का संदेश दिया।

सेल्स एंड मार्केटिंग डायरेक्टर तनुज गुप्ता ने कहा—हमारा लक्ष्य उत्पादन को दो गुना करना है ताकि देश के किसी भी हिस्से में सप्लाई की समस्या न हो। वहीं प्रोडक्शन डायरेक्टर तुषार गुप्ता ने दावा किया कि हम देश के पहले ऐसे निमार्ता हैं जो सभी पाट्र्स का निर्माण इन-हाउस करते हैं।

### साल के सर्वश्रेष्ठ डीलर्स सम्मानित

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम में समरकूल और थमोर्कूल की सेल्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डीलर्स व डिस्ट्रीब्यूटर्स को पुरस्कृत किया गया।

### कार्यक्रम की खास झलकियां

- भव्य उद्घाटन दीप प्रज्वलन व गणेश वंदना से।
- नए एसी और फ्रिज लॉन्च होते ही हॉल में गूंजे नारे।
- डीलर्स और डिस्ट्रिब्यूटर्स को सम्मानित कर बढ़ाया मनोबल।
- कंपनी की नई स्कीमें और उत्पादन क्षमता दोगुनी करने का ऐलान।
- समारोह के बाद सभी डीलर्स और डिस्ट्रिब्यूटर्स का थाईलैंड टूर।

### चेयरमैन संजीव गुप्ता ने कहा



"हम सिर्फ व्यापारिक रिश्ते नहीं बनाते, बल्कि अपने डीलर्स और ग्राहकों के साथ पारिवारिक संबंध भी निभाते हैं। आपकी बदौलत ही समरकूल आज सुपरकूल बना है, और आने वाले समय में हम एयर कूलर उत्पादन में देश में नंबर-1 बनकर दिखाएंगे।"



### समरकूल सेल्स अवार्ड

- प्रथम : हिंदुस्तान इलेक्ट्रिक एंड इलेक्ट्रॉनिक्स (लालगंज)
- द्वितीय : लक्ष्मी ट्रेडर्स (वाराणसी)
- तृतीय : कमरिया इलेक्ट्रॉनिक्स (झांसी)

### थर्मोकोल सेल्स अवार्ड

- प्रथम : राकेश कुमारअनुज कुमार (भिंड)
- द्वितीय : एल्को इंटरप्राइजेज (प्रयागराज)
- तृतीय : राजपाल इलेक्ट्रॉनिक्स (लखनऊ)

### संजीव गुप्ता की उपलब्धियां

- 33 वर्षों से समरकूल ग्रुप को सफलता की ऊंचाइयों पर ले जाने वाले विजनरी लीडर।
- उत्पादन क्षमता बढ़ाकर देश के हर कोने में सप्लाई सुनिश्चित करने का संकल्प।
- डीलर्स और ग्राहकों से सिर्फ व्यापारिक ही नहीं, पारिवारिक रिश्ता बनाने का भरोसा।

### समरकूल: अब विश्वस्तरीय कंपनी

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम के दौरान कंपनी के अधिकारियों ने घोषणा की कि निमार्णाधीन दो नए प्लांट वर्ल्ड क्लास तकनीक से तैयार हो रहे हैं। उत्पादन, मोल्डिंग, मोटर निर्माण से लेकर सर्विस तक सब कुछ एक ही छत के नीचे किया जाएगा—जो समरकूल को भारत ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रतिस्पर्धियों के लिए कड़ी चुनौती बना रहा है।

# शंकराचार्य प्रज्ञानानंद महाराज का गाजियाबाद आगमन

## भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा वर्मा के आवास पर हुआ स्वागत



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** परमपूज्य शंकराचार्य प्रज्ञानानंद महाराज मंगलवार को गाजियाबाद पधारे। इस अवसर पर उनका आगमन भाजपा के वरिष्ठ नेता राजा वर्मा के आवास पर हुआ, जहां भक्तों और गणमान्य नागरिकों ने उनका भावपूर्ण स्वागत किया। शंकराचार्य जी के आगमन पर आवास का वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंग गया। उपस्थित जनों ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया और धर्म तथा समाज की उन्नति पर मार्गदर्शन सुना। राजा वर्मा ने कहा कि शंकराचार्य जी का सान्निध्य हम सबके लिए सौभाग्य की बात है। उनके आशीर्वाद और विचार समाज को नई दिशा प्रदान करते हैं।

# विरोध में उतरी महिलाएं: पार्क के पास में ट्रांसफॉर्मर लगाए जाने का हो रहा विरोध




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वैशाली सेक्टर 2 में एक बिल्डर द्वारा प्लॉट खरीदने के बाद बिजली विभाग द्वारा ट्रांसफॉर्मर को प्लांट के पास से हटकर पार्क के पास लगाया जा रहा है जिसका स्थानीय महिला विरोध कर रही है।

मंगलवार की दोपहर को ट्रांसफॉर्म के विरोध में हंगामा किया और जो फाउंडेशन बनाया था उसको भी तोड़ दिया गया। हंगामा कर रही महिलाओं को समझने के लिए पहुंचे स्थानीय पूर्व पार्षद मनोज गोयल कहना है कि पार्क में बच्चे खेलते हैं और बरसात के दौरान करंट उतरने का खतरा हो सकता है। उनका मानना है कि ट्रांसफॉर्मर को वहीं रहना चाहिए जहां पहले लगा हुआ था। महिलाओं का आरोप है कि बिल्डर और बिजली विभाग के बीच सेटिंग करके इस ट्रांसफॉर्मर को दूसरी जगह लगाया जा रहा है। स्थानीय महिलाओं ने इस मुद्दे पर अपनी चिंता व्यक्त की है और बिजली विभाग से मांग की है कि ट्रांसफॉर्मर को सुरक्षित स्थान पर लगाया जाए। इस मुद्दे पर आगे क्या कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में ट्रांसफॉर्म को वहां से हटाने दे दिया जाएगा और ना ही पार्क के पास में लगने दे जाएगा इस मामले को लेकर लोगों ने बिजली मंत्री से भी शिकायत की है। इस अवसर पर अनीता तिवारी, पुष्पा सिंह, डिंपल सिंह, कविता सिंह, सुनीता, स्वीटी, संध्या, प्रीति, निर्मला, सीमा, मधु, दीपिका रावत आदि महिला मौजूद रहे।

# संपत्ति कर में बेतहाशा वृद्धि के विरोध में कवि नगरवासियों का प्रदर्शन




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम द्वारा संपत्ति कर में की गई बेतहाशा वृद्धि के विरोध में कवि नगर आर.डब्ल्यू.ए. संघर्ष समिति के नेतृत्व में सोमवार को क्षेत्रीय निवासियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम पर अवैध रूप से कर बढ़ाने का आरोप लगाया और तत्काल बढ़ा हुआ कर वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व कवि नगर बी ब्लॉक अध्यक्ष अजय गुप्ता ने किया।

इस दौरान महासचिव अमित गुप्ता, मुकेश गुप्ता, आमोद कलर सहित पूर्व पार्षद विजय मोहन जीविनय कक्कड़, हिमांशु मित्तल, अजय टंडन, सुनील कुमार, सरदार पम्मी, अंकित, सचिन (कवि नगर ए ब्लॉक), चावला (सी ब्लॉक), डीपी कौशिक (डी ब्लॉक), विवेक मित्तल (ए ब्लॉक), मदन मोहन (एल ब्लॉक), राजेश बंसल, अजय गर्ग, भाई के जैन, त्यागी, सुभाष बंसल, विपिन कंसल (सी ब्लॉक), तन्मय खन्ना (एम ब्लॉक), जयप्रकाश अग्रवाल, पंकज गोयल, सुखबीर जैन (बी ब्लॉक), अश्वनी मित्तल (डी ब्लॉक), गुलशन बजाज (के ब्लॉक) समेत अन्य गणमान्य सदस्य शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने नगर निगम से मांग की कि असंवैधानिक तरीके से बढ़ाया गया संपत्ति कर तत्काल वापस लिया जाए। 20% छूट की सीमा को तब तक बढ़ाया जाए जब तक माननीय उच्च न्यायालय द्वारा कोई अंतिम फैसला नहीं आ जाता। इसके साथ ही मांग की गई कि सभी संपत्तियों का कर निर्धारण बोर्ड के निर्णय के अनुसार अधिकतम दो वर्ष तक ही किया जाए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह आंदोलन धरना/अनशन में बदल जाएगा और तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जातीं।

# हाउस टैक्स बढ़ोतरी जनता पर अन्याय : हिमांशु लव




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा के पूर्व निगम पार्षद पं. हिमांशु लव ने कहा कि नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स में की गई बेतहाशा वृद्धि जनता के साथ अन्याय है। आखिरकार कवि नगर के नागरिकों को अपने-अपने आरडब्ल्यूए के बैनर तले सड़क पर उतरकर विरोध दर्ज कराना पड़ा और नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपना पड़ा। उन्होंने कहा कि जनता को बहुत पहले ही इस मुद्दे पर सड़कों पर उतर जाना चाहिए था। देर से ही सही, कवि नगर की जनता ने अब विरोध की शुरूआत की है और आने वाले समय में अन्य कॉलोनियों से भी आवाज उठेगी। महापौर सुनीता दयाल के हाल ही में दिए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए हिमांशु लव ने कहा कि सदन के माध्यम से बढ़े हुए हाउस टैक्स आदेश को निरस्त करने का दावा करने के बावजूद यदि नगर निगम अधिकारी बढ़े हुए बिल और एसएमएस भेज रहे हैं तो यह जनता को गुमराह करने जैसा छलावा है। उन्होंने साफ कहा कि यदि अधिकारी जनता को बढ़े हुए हाउस टैक्स के बिल भेज रहे हैं तो इसके लिए महापौर ही जिम्मेदार हैं। जनता ने महापौर और पार्षदों को अपने अधिकारों की सुरक्षा के लिए चुना है, यदि वे जनता की रक्षा नहीं कर पा रहे तो विरोध होना स्वाभाविक है।

## लाजपत नगर वार्ड-75 में उगाही का आरोप, निगम से परेशान लोग

# रेहड़ी-पटरी वालों ने महापौर कार्यालय पर दिया धरना बोले- न्याय नहीं मिला तो करेंगे बड़ा प्रदर्शन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लाजपत नगर वार्ड-75 में रेहड़ी-पटरी वालों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि रामायण कला संगम समिति की कथित फर्जी कमेटी के महासचिव अशोक चौधरी ने करीब 250 पटरीवालों की रेहड़ियां जबरन तोड़ दीं और उनसे उगाही की जा रही है। इससे उनका रोजगार छिन गया है और परिवारों की रोजी-रोटी पर संकट मंडरा रहा है।

पीड़ितों ने इस कार्रवाई के विरोध में सोमवार को महापौर सुनीता दयाल के कार्यालय के बाहर धरना दिया। उनका कहना है कि जब तक न्याय नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा और जरूरत पड़ी तो बड़ा प्रदर्शन भी किया जाएगा।

### निगम से भी नाराज हैं लोग

**करंट क्राइम।** लोगों ने निगम प्रशासन पर भी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि रेहड़ीझपटरी लगाने वालों को बार-बार परेशान किया जाता है। नगर निगम के रवैये से वे पहले ही मुश्किलों में हैं और अब ऐसी घटनाओं से उनकी परेशानी और बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने भी इसे पुरानी समस्या करार दिया। चौहान जी सहारा ने कहा कि लाजपत नगर में रेहड़ी पटरी वालों से उगाही के मामले पुराने जमाने से चले आ रहे हैं। गरीब लोगों से उगाही अच्छी बात नहीं है।

# वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल स्वामी ने किया स्वर्गीय पिता का श्राद्ध




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल स्वामी ने आज पितृ पक्ष के अवसर पर अपने छोटे पुत्र कार्तिक स्वामी के साथ मिलकर स्वर्गीय पिता श्री कृष्ण भगवान स्वामी जी का श्राद्ध श्रद्धापूर्वक संपन्न किया। अनुष्ठान पंडित जी के मार्गदर्शन में वैदिक विधि-विधान से सम्पन्न हुआ। परिवार ने प्रार्थना की कि यह कार्य दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करे और पितरों का आशीर्वाद प्राप्त हो।

इस अवसर पर स्वामी परिवार ने कहा कि पितृ पक्ष हमें अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके संस्कारों को जीवन में उतारने का अवसर देता है।

# आईटीएस में तीन दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मोहन नगर स्थित आईटीएस के यूजी कैंपस में नए छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। प्रोग्राम में बीबीए और बीसीए के नए छात्र-छात्राओं का स्वागत किया गया। तीन दिवसीय प्रोग्राम का शुभारंभ आईटीएस ग्रुप के वाइस चेयरमैन अर्पित चडढा, दिल्ली राज्य चुनाव आयोग की स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन एस के श्रीवास्तव, ईएसटी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सिंधु भास्कर, गॉडफ्रे फिलिप्स कंपनी के हेड ऑफ सप्लाई पंकज कुमार पटौदी और डॉ आर पी त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर वाइस चेयरमैन अर्पित चडढा ने कहा कि सपनों को पूरा करने के लिए लक्ष्य तय करना आवश्यक है। दिग्भ्रमित हुए बिना लक्ष्य की ओर आगे बढने का नाम ही सफलता है। प्रोग्राम में अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि व्यावसायिक कोर्स की शिक्षा ग्रहण करने के बाद देश के विकास में योगदान देने से जीवन को सफल कहा जा सकता है। यूजी कैंपस के निदेशक प्रो. सुनील कुमार पांडेय ने कहा कि छात्रों को अपने आप पर भरोसा रखना होगा। इस मौके पर बडी संख्या में छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक, संस्था के संकाय सदस्य व छात्र उपस्थित थे।